हरिभूमि ने किया था 'टॉपर्स कांड' का खुलासा, इसके बाद बदले गए नियम




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


इस बार विधिवत पूर्ण की गई नामांकन प्रक्रिया, बुकलेट भी जारी कई चरणों में जांच | नवमी से बारहवीं तक की परीक्षा में शामिल होंगे 3 हजार 882 विद्यार्थी

# संस्कृत बोर्ड की परीक्षाओं में केंद्राध्यक्ष माशिमं के, स्कूलों में नहीं जंचेंगी उत्तरपुस्तिकाएं, थाने में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

टापर्स कांड से चर्चित संस्कृत विद्यामंडल ने अब परीक्षाओं में नामांकन से लेकर मूल्यांकन तक की प्रक्रिया में बदलाव कर दिए हैं। इनमें मंडल के केंद्राध्यक्ष नियुक्त किए जाने से लेकर थाने में प्रश्नपत्र रखे जाने तक के बदलाव शामिल हैं। ये बदलाव हरिभूमि द्वारा बीते ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हर स्तर पर निगरानी

*हमने हर स्तर पर व्यवस्था कड़ी कर दी है। संस्कृत विद्यामंडल की विश्वसनीयता बनाए रखना और पारदर्शी परीक्षा हमारी प्राथमिकता है।*

**-राकेश पांडेय,** *सचिव, संस्कृत विद्यामंड*

समझिए इन बदलावों को

### 1 नामांकन प्रक्रिया दुरुस्त

*माशिम दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं प्रारंभ होने के महीनों पूर्व ही नामांकन प्रक्रिया शुरू कर देता है। संस्कृत विद्यामंडल भी अब यह प्रक्रिया अपनाने जा रहा है। इससे उन सभी छात्रों की पिछली कक्षाओं की जानकारी उपलब्ध हो जाती है। अर्थात किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसने पिछली कक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो, उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं मिलेगा।*

#### बदलाव इसलिए

पूर्व की व्यवस्था में आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण नहीं रहने वाले छात्र को भी नवमी में बैठा दिया जाता था। यह धांधली अब रुकेगी। इसी तरह दसवी, ग्यारहवीं, बारहवीं में भी पूर्व कक्षा की अंकसूची में बदलाव करके छात्रों को परीक्षा में शामिल कर दिया जाता था।

### 2 थाने में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

*अब संस्कृत विद्यामंडल के प्रश्नपत्र संबंधित जिले के थानों में रखे जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रश्नपत्र भी थानों में ही रहते हैं। परीक्षा शुरु होने के कुछ देर पूर्व ही इन्हें विद्यालयों में थाना स्टाफ की निगरानी में प्रेषित किया जाएगा। इससे किसी भी स्तर पर पेपर लीक होने की आशंका नहीं रहेगी।*

#### बदलाव इसलिए

अब तक संस्कृत बोर्ड के प्रश्नपत्र छपाई के बाद विद्यालयों में ही रख दिए जाते थे। इस बाद की आशंका बनी रहती थी कि संबंधित विद्यालय के शिक्षक, प्राचार्य अथवा अन्य अधिकारी-कर्मचारी इसे लीक कर दें। किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण पकड़े जाने का भी भय नहीं था।

### 3 माइग्रेशन अनिवार्य

*उदाहरणस्वरूप यदि छात्र पूर्व में सीबीएसई बोर्ड का छात्र था और बाद में माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत परीक्षा में शामिल होता है तो उसे सीबीएसई से माइग्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना होगा तथा माशिम की ग्राह्यता भी अनिवार्य होगी। यदि प्रक्रिया अब संस्कृत विद्यामंडल में अपनाई जा रही है। यदि विद्यार्थी पूर्व में किसी अन्य बोर्ड का विद्यार्थी था तथा अब संस्कृत विद्यामंडल के अंतर्गत परीक्षा में शामिल होना चाहता है तो उसे पूर्व बोर्ड से माइग्रेशन हासिल करना* ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### बदलाव इसलिए

अन्य बोर्ड में असफल होने वाले छात्र संस्कृत विद्यामंडल की परीक्षा में शामिल होकर उत्तीर्ण होने का सर्टिफिकेट हासिल कर लेते थे, क्योंकि इसमें नकल अपेक्षाकृत आसान था। अब दूसरे बोर्ड से कोई भी छात्र आसान से इसमें नहीं आ सकेगा।

*प्रतिबंधित चाइनीज मांझा ने रविवार को एक सात बरस के मासूम की जान ले ली। बच्चा अपने पिता के साथ बाइक पर बैठकर गार्डन घूमने जा रहा था, तभी उसके गले में मांझा फंस गया और तेजी से खून बहने लगा। बच्चे के पिता लक्ष्मीनगर निवासी धनेश साहू घटना के बाद बदहवास हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से वह अपने घायल बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे, पर बच्चे की जान नहीं बची। चाइनीज मांझा से गला कटने की राजधानी में यह तीसरी घटना है। बैन होने के बावजूद इस खतरनाक मांझे का यहां कारोबार जारी है और पतंगबाज इससे परहेज नहीं कर रहे हैं।*

गले में फंसा धागा, खून से लथपथ बच्चे को ले गए अस्पताल, पर बचा नहीं पाए

# चाइनीज मांझे ने बुझा दिया घर का चिराग, पिता के साथ गार्डन जा रहे 7 साल के मासूम की मौत

- **मौत का सामान बेच रहे लोगों के खिलाफ दर्ज होना चाहिए गैर इरादतन हत्या का केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जान गंवाने वाले बच्चे का नाम पुष्कर था। लक्ष्मीनगर के रहने वाले इस बच्चे के पिता धनेश साहू पेशे से ऑटोमोबाइल मैकेनिक हैं। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के राधाकृष्ण मंदिर के पास की है। धनेश के अनुसार, गले में मांझा फंसने से उसका बेटा जोर-जोर से रोने लगा, तब उसने बाइक रोकी और बच्चे को देखा तो गले से खून की तेज धार बह रही थी। इसी दौरान ▶▶|शेष पेज 4 पर



### निजी अस्पताल ने बैरंग लौटाया

मांझे की चपेट में आए गंभीर रूप से घायल पुष्कर को उसके पिता सिद्धार्थ चौक तथा बैरनबाजार स्थित एक निजी अस्पताल उपचार कराने के लिए ले गए। दोनों अस्पताल ने पुष्कर की स्थिति को देखते हुए उपचार करने से इंकार कर दिया। इसके बाद धनेश अपने बेटे की जिंदगी बचाने आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।



इतना खून बहा कि अस्पताल पहुंचने तक हो चुकी थी मौत।

#### पिता के साथ गार्डन जा रहा था मासूम

रविवार होने की वजह से धनेश घर जल्दी पहुंच गया। वह हाथ-मुंह धोकर भोजन कर रहा था। इस दौरान पुष्कर अपने पिता को गार्डन घुमाने ले जाने जिद करने लगा। बाद में घूमने ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### बच्चे के पिता धनेश की जुबानी

मैं अपने बेटे को गार्डन घुमाने जा रहा था। संतोषी नगर ओवरब्रिज पार कर जैसे ही राधाकृष्ण मंदिर जाने वाले मोड़ के पास पहुंचा, मेरा बेटा जोर-जोर से रोने लगा। इसके बाद रोते हुए बच्चे को चुप कराने मैंने



बाइक रोकी। देखा तो मेरे बेटे के गले से खून की तेज धार बह रही है। यह देख मैं घबरा गया, मुझे कुछ सूझ नहीं रहा था। इसके बाद आसपास चाय, पान ठेला वाले तथा अन्य लोग मेरी मदद करने के लिए पहुंचे और एंबुलेंस की व्यवस्था कर पुष्कर के उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। इस दौरान बच्चे को उपचार के लिए सिद्धार्थ चौक तथा बैरनबाजार स्थित निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया। निजी अस्पताल में बच्चे का इलाज पहले ही हो जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।



### एक्सप्रेस-वे पर मांझे से महिला वकील जख्मी

एक अन्य घटना में रविवार शाम पौने छह बजे के करीब चाइनीज मांझे की चपेट में आने से डीडीनगर सेक्टर-4 निवासी पेशे से



वकील पुर्णशा कौशिर का गला जख्मी हो गया। महिला वकील एक्सप्रेस-वे के रास्ते रेलवे स्टेशन जा रही थी। इसी दौरान सिटी सेंटर के पास एक्सप्रेव-वे के नीचे कुछ लोग पतंगबाजी कर रहे थे। एक्सप्रेस-वे के ऊपर से पुर्णशा अपनी सुजुकी एक्सेस से गुजर रही थी, तब मांझा पुर्णशा की गले में फंस गया। उसने बचाव के लिए मांझे को चलती गाड़ी में ही अपने हाथ में पकड़ लिया। हाथ में मांझा उलझने से युवती का अंगूठा बुरी तरह से जख्मी हो गया। मांझे से जख्मी महिला वकील के गले में चार टांके लगे हैं।

## गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने रचाई शादी



**नई दिल्ली।** दोहरे ओलंपिक विजेता भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने दो दिन पहले सोनीपत की हिमानी मोर से विवाह किया। स्टार खिलाड़ी 27 वर्षीय नीरज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विवाह की घोषणा की। नीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में लिखा, मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया।

**सोशल मीडिया पर की घोषणा**

मुंबई पुलिस ने असली आरोपी को किया है गिरफ्तार

## दुर्ग में पकड़ाया युवक एक्टर सैफ का हमलावर नहीं, आरपीएफ ने छोड़ा, एक मुंबई में धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

अभिनेता सैफ अली खान के हमलावर को लेकर स्थिति साफ हो गई है। जिस युवक को दुर्ग स्टेशन में आरपीएफ ने शनिवार को पकड़ा था वह आरोपी ही नहीं था।

इसका खुलासा तब हुआ जब मुंबई ठाणे की पुलिस ने एक और युवक को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुंबई में खोज निकाला। दुर्ग आरपीएफ के कस्टडी में रहे युवक आकाश कनौजिया को ▶▶|शेष पेज 4 पर





### सुबह न्यूज चैनलों से मिली पुख्ता जानकारी

रविवार की अलसुबह ही मुंबई पुलिस द्वारा आरोपी शरीफुल इस्लाम को पकड़े जाने की जानकारी देश के बड़े न्यूज चैनलों में प्रसारित होने लगी। तब लोगों को दुर्ग स्टेशन में आरपीएफ के द्वारा पकड़े गए युवक आकाश कनौजिया का आरोपी न होने का पता चला। दुर्ग आरपीएफ भी सकते में आ गई। दुर्ग आरपीएफ जिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये गंभीर सवाल उठ रहे

इस खुलासे से छत्तीसगढ़ में आरपीएफ की शनिवार को हुई कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठ गए हैं, क्योंकि आरपीएफ के दावों के बाद आरोपी को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। अब आरपीएफ यह नहीं बता पा रही है कि युवक को ट्रेन से उतारने के बाद किस तरह से पूछताछ की गई कि यह दावा ही कर दिया गया कि वह सैफ अली खान ▶▶|शेष पेज 4 पर


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS
- Electrical and Electronics Engineering
- Electronics and Communication Engineering

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in


## 'बिग बॉस 18' के विनर बने करणवीर



**मुंबई।** सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 18' की ट्रॉफी करणवीर मेहरा ने जीत ली। फैन्स ने जो उम्मीद की थी, शो उसपर खरा उतरा। करण, ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये घर लेकर गए। वहीं, विवियन डिसेना, रनरअप रहे. दोनों की ही जर्नी शो में काफी शानदार रही।

## 'पैराग्लाइडर' खड्ड में गिरा पर्यटक व प्रशिक्षक की मौत

**पणजी।** उत्तरी गोवा में 'पैराग्लाइडिंग' के वक्त खड्ड में गिरने से एक महिला पर्यटक और प्रशिक्षक की मौत हो गई। दुर्घटना शनिवार शाम करीब पांच बजे केरी गांव में हुई। पुणे निवासी शिवानी डाबले और उनके प्रशिक्षक सुमल नेपाली (26) की केरी पठार में दुर्घटना में मौत हो गई। प्रशिक्षक नेपाली नागरिक था। दाबले ने 'पैराग्लाइडिंग' के लिए जिस 'एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी' से बुकिंग कराई थी, वह अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।


LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

एलआईसी के पास आपके सभी जीवन बीमा और वित्तीय जरुरतों के लिए समाधान हैं.

एंडोमेंट प्लान:
एलआईसी का सिंगल प्रीमियम एंडोमेंट प्लान
एलआईसी का न्यू एंडोमेंट प्लान
एलआईसी का न्यू जीवन आनंद
एलआईसी का जीवन लक्ष्य
एलआईसी का जीवन लाभ प्लान
एलआईसी का बीमा ज्योति
एलआईसी का जीवन आज़ाद
एलआईसी का माइक्रो बचत

टर्म प्लान:
एलआईसी का युवा टर्म
एलआईसी का जीवन अमर
एलआईसी का युवा क्रेडिट लाइफ
एलआईसी का सरल जीवन बीमा

यूनिट लिंक्ड प्लान:
एलआईसी का इंडेक्स प्लस
एलआईसी का निवेश प्लस
एलआईसी का एसआईआईपी
एलआईसी का न्यू एंडोमेंट प्लस

पेंशन प्लान:
एलआईसी का न्यू पेंशन प्लस
एलआईसी का जीवन अक्षय-VII
एलआईसी का न्यू जीवन शांति
एलआईसी का सरल पेंशन

बच्चों का प्लान:
एलआईसी का अमृतबाल
एलआईसी का न्यू चिल्ड्रन्स मनी बैक प्लान

मनी बैक प्लान:
एलआईसी का न्यू मनी बैक प्लान
एलआईसी का बीमा श्री
एलआईसी का जीवन तरुण

व्होल लाइफ प्लान:
एलआईसी का जीवन उमंग
एलआईसी का जीवन उत्सव

अभी अपने एलआईसी एजेंट से संपर्क करें!!!

LIC/P1/2024-25/49/Hin

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

दो विदेशी महिलाएं भी शामिल, त्यागा घर-परिवार और सुख-सुविधाएं

# सात पीढ़ियों का पिंडदान कर 100 महिलाएं, 850 पुरुष बने नागा संन्यासी

**महाकुंभ नगर।** सनातन धर्म की रक्षा, वैदिक परंपरा के संरक्षण, जनकल्याण के लिए जप-तप करने की प्रतिबद्धता के साथ श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा में सैकड़ों लोग नागा संन्यासी बने। नागा संन्यासी बनने के लिए सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। महाकुंभ में दो विदेशी महिलाओं सहित 100 से अधिक महिलाओं ने नागा संन्यासी बनने की दीक्षा ली। इन सभी को जूना अखाड़ा द्वारा दीक्षित किया गया। इसके अलावा चारों मढ़ियों में 850 लोगों को नागा संन्यासी बनाया गया। सर्वप्रथम सबका मुंडन हुआ। इसके बाद गंगा स्नान करके माता-पिता सहित सात पीढ़ियों व अपना खुद का पिंडदान किया। गंगा में 108 डुबकी लगाने के बाद और कर्म और विजय हवन हुआ।

### 17 पिंड बनाए, 16 पीढ़ियों के, एक स्वयं का

प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी समेत 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं। इन सभी ने संगम घाट पर अपना मुंडन करवाया। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिनमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था। गंगा स्नान के बाद उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सिले श्वेत वस्त्र धारण किए।



### अमेरिका व इटली की महिलाएं बनीं संन्यासी

अमेरिका और इटली की महिला बनीं नागा संन्यासी अमेरिका और इटली से आईं दो महिलाओं ने गंगा के तट पर नागा संन्यास की दीक्षा ली। एक की उम्र 55 साल है, एक युवा अवस्था में है। दीक्षा के बाद अमेरिका की महिला को कामाख्या देवी और इटली की महिला को शिवानी नाम दिया गया। पुरुष नागा संन्यासी जैसी कठोर होती है। महिलाओं को संन्यास धारण करने के लिए अपने श्रृंगार का त्याग करना होता है।

### इन अखाड़ों में हुई नागा संन्यासी बनने की प्रक्रिया

शैव अखाड़े जूना, निरंजनी, महानिर्वाणी, अटल, आनंद और आवाहन कुंभ-महाकुंभ में नागा संन्यासी बनाते हैं। शनिवार की सुबह गंगा के त्रिवेणी घाट पर अखाड़े के चार मढ़ियों गिरि, पुरी, सरस्वती और भारती के नागा संन्यासी बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई। रमता पंच के श्रीमहंत निरंजन भारती, रामचंद्र गिरि, मोहन गिरि और दूध पुरी की देखरेख में सबका मुंडन कराया गया। इसके बाद गंगा में मंत्रोच्चार के बीच 108 बार डुबकी लगवाई गई। फिर गंगा पूजन करके पिंडदान की प्रक्रिया कराई गई।



#### 29 जनवरी को मिलेगा मंत्र

नागा बनने वालों को महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या 29 जनवरी को दिगंबर गायत्री मंत्र दिया जाएगा। अखाड़े की धर्मध्वजा के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि सबको दिगंबर गायत्री मंत्र देंगे। इसके बाद उन्हें अमृत स्नान में शामिल किया जाएगा। इसके साथ सभी अखाड़े से पूर्ण रूप से जुड़ जाएंगे।

### दुनिया में लौटने की सलाह, फिर पंच संस्कार

जो परख अवधि में खरा उतरता है, उसे वापस संसारी दुनिया में लौटने की सलाह दी जाती है। फिर भी वह नहीं लौटता है, तो उसे 'संन्यासी' घोषित करके पंच संस्कार किया जाता है। पंच संस्कार यानी शिव, विष्णु, शक्ति, सूर्य और गणेश को गुरु बनाना पड़ता है। अखाड़े की तरफ से इन्हें नारियल, भगवा वस्त्र, जनेऊ, रुद्राक्ष, भभूत सहित नागाओं के प्रतीक और आभूषण दिए जाते हैं। इसके बाद गुरु अपनी प्रेम कटारी से शिष्य की शिखा यानी चोटी काट लेते हैं। इस मौके पर शीरा और धनियां बांटा जाता है।

## खबर संक्षेप

### पीओके भारत का मुकुट मणि : राजनाथ सिंह



**जौनपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत का मुकुट मणि बताते हुए कहा कि इसके बिना जम्मू कश्मीर अधूरा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने पाकिस्तान पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने की साजिश जारी रखने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा पीओके का उपयोग आतंक को शह देने व भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए कर रहा है। वहां आतंकी शिविरों और लॉन्च पैड को नष्ट किया जाना चाहिए अन्यथा इसका उचित जवाब दिया जाएगा।"

### टीडीबी सबरीमला में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा



**सबरीमला।** त्रावणकोर देवस्व ओम बोर्ड (टीडीबी) 'कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' के तकनीकी सहयोग से एक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा। टीडीबी अधिकारियों के अनुसार, बोर्ड प्रतिवर्ष बिजली बिलों पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च करता है और प्रस्तावित सौर संयंत्र से इस खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है। सबरीमला में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की गतिविधि शुरू कर दी है।

### सेना ने पुंछ में ग्राम रक्षा गार्ड को प्रशिक्षण दिया

**मेंढर/जम्मू।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर के अग्रिम इलाके में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को व्यापक प्रशिक्षण दिया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि कुल 43 वीडीजी सदस्यों ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य रणनीति, धीरज और गोलीबारी में उनके कौशल को बढ़ाना था। यह प्रशिक्षण नियंत्रण रेखा के पास स्थित बलनोई में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन ने आयोजित किया। प्रतिभागियों को अपने निजी हथियारों की साफ-सफाई और छोटी-मोटी मरम्मत करने के बारे में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी मिला।

## खून के प्यासे दो दुश्मन इजरायल-हमास में 15 माह बाद हुआ समझौता

# हमास की कैद से तीन महिलाएं आजाद इजरायल छोड़ेगा 1 के बदले 30 बंधक

एजेंसी ▶▶| गाजा

इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते के बाद गाजा पट्टी में रविवार को 471 दिन (15 महीने से ज्यादा) से चल रही लड़ाई रुक गई। समझौता लागू होने के कुछ घंटों बाद ही हमास ने तीनों महिलाओं रोमी गोनेन, एमली डेमेरी और डोरोन स्टीनब्रीचर को रिहा कर दिया। इसी के साथ समझौते के प्रथम चरण में 33 बंधकों की रिहाई का सिलसिला शुरू हो जाएगा। समझौते के अनुसार प्रत्येक बंधक के बदले में इजरायल 30 फिलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। यह अदलाबदली रेडक्रास के जरिये होगी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन महिलाओं की रिहाई का स्वागत किया है।

गौरतलब है कि गाजा में 15 महीने से चल रहे संघर्ष में अब तक 46,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। लाखों लोग बेघर हो गए हैं। गाजा का बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया है। इस संघर्ष में मध्य पूर्व के दूसरे गुट, जैसे ईरान, हिजबुल्लाह, और यमन और इराक के सशस्त्र समूह भी शामिल हो चुके हैं। युद्धविराम से इस क्षेत्र में हिंसा कम होने की उम्मीद है।



### अंतिम समय में कई मुश्किलें भी आई सामने

यह समझौता कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से संभव हो पाया। इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इसके लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया। नेतन्याहू ने कहा कि हमास ने अंतिम समय में शर्तें बदलीं। हालांकि, हमास ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि हमारी वजह से समझौते में किसी तरह की देरी नहीं हुई। इन अड़चनों के बावजूद, समझौते पर सहमति बन गई है। अब इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### कतर और अमेरिका ने निभाई अहम भूमिका

बता दें कि यह सीजफायर डील कराने में कतर और अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। समझौते के तहत छह हफ्तों का युद्धविराम होगा। यह तीन चरणों में लागू किया जाएगा। इसमें पहले चरण में बंधकों की रिहाई होगी। इस सीजफायर डील को लेकर नेतन्याहू कैबिनेट के 24 मंत्रियों ने सीजफायर समझौता करने का समर्थन किए। इस समझौते से हमास की कैद से इजरायली नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित हो सकेगी।

### हमास के पास 98 बंधक कुछ के शव भी मिलेंगे

अनुमान है कि हमास और इस्लामिक जिहाद के पास 98 इजरायली व विदेशी बंधक हैं लेकिन इनमें जीवित करीब आधे ही हैं। कुछ बंधकों के शव हमास के पास होने की जानकारी है जिन्हें वह इजरायल को सौंपेगा। समझौते के अनुसार प्रत्येक बंधक के बदले में इजरायल 30 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। हमास छह हफ्तों में कुल 33 बंधक रिहा करेगा। इनमें महिलाएं, बच्चे, 50 वर्ष से ज्यादा के पुरुष, बीमार और घायल होंगे।

### युद्धविराम समझौता 3 चरणों में होगा

पहले चरण में हमास 33 बंधकों को रिहा करेगा और इजरायली सेना गाजा सीमा से 700 मीटर पीछे हटेगी। इसी चरण में इजरायल भी कई फिलिस्तीनी कैदियों को जेल से रिहा करेगा। इनमें से 95 लोगों के नाम सामने आए हैं। पहला चरण 6 हफ्ते तक चलेगा। इस दौरान बंधकों-कैदियों की रिहाई, गाजा से इजरायली सैनिकों की आंशिक वापसी समेत कई कदम उठाए जाएंगे।

नववर्ष की पहली मन की बात पर मोदी ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# महाकुंभ विविधता में एकता का उत्सव, अंतरिक्ष में भारत की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। यह इसका 118वां एपिसोड है। पीएम ने कार्यक्रम में प्रयागराज के महाकुंभ समेत चुनावों पर अपनी बात रखी। मन की बात प्रधानमंत्री का मासिक रेडियो कार्यक्रम है जिसमें वह देश के नागरिकों से राष्ट्र से संबंधित मुद्दों और विषयों पर बातचीत करते हैं। आम तौर पर महीने के आखिरी रविवार को होने वाले मन की बात को 26 जनवरी के कारण जल्दी किया गया। मन की बात को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि आप लोगों ने एक बात नोटिस की होगी कि हर बार मन की बात महीने की आखिरी रविवार को होती है, लेकिन इस बार हम एक सप्ताह पहले चौथे रविवार के बजाय तीसरे रविवार को ही मिल रहे हैं, क्योंकि अगले सप्ताह रविवार के दिन ही गणतंत्र दिवस है, मैं सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।



### महाकुंभ में समरसता का असाधारण संगम

पीएम ने आगे कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम देखने को मिल रहा है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं। महाकुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है।

### अंतरिक्ष में भारत का जलवा कायम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में भारत का लोहा मनवा रहे हैं। हमने स्पेस में लोबिया अंकुरित किया है। जिससे आगे भी सब्जियां उगाने के काम हो सकेगा। पीएम ने कहा कि अंतरिक्ष में दो भारतीय सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक जोड़कर भारत ने इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि के साथ, भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया है। यह मिशन भारत की बढ़ती स्पेस ताकत का उदाहरण है।

## रैली में दिखा आक्रोश...



**रायपुर।** बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक और परिजनों ने रविवार को रायपुर की सड़कों पर जमकर आक्रोश दिखाया। उन्होंने समायोजन की मांग को लेकर तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से घड़ी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल तक आक्रोश रैली निकालने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें मरीन ड्राइव के पास रोक दिया। वे वही धरने पर बैठ गए, जिससे एसआरपी चौक से तेलीबांधा थाना चौक तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

# किसानों व केंद्र के बीच 14 को बैठक 121 किसानों ने खत्म किया अनशन

एजेंसी ▶▶| संगरूर

केंद्र सरकार के साथ 14 फरवरी को बैठक के मिले प्रस्ताव के बाद जहां किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मेडिकल ट्रीटमेंट लेने के लिए सहमति दी, वहीं रविवार को पंजाब के 111 किसानों ने पांचवें व हरियाणा के 10 किसानों ने तीसरे दिन पर अपना मरणव्रत समाप्त कर दिया। किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, सुखजीत सिंह हरदोझंडे, बलदेव सिंह सिरसा ने जूस पिलाकर इन किसानों का मरणव्रत समाप्त करवाया।



- खनौरी बॉर्डर पर अनशनरत डल्लेवाल मेडिकल ट्रीटमेंट लेने राजी
- यह जीत की तरफ पहला कदम, अभी आंदोलन जारी : कोटड़ा

### जारी रहेगा डल्लेवाल का अनशन

अनशन खत्म करने वाले किसानों को हरियाणा सीमा में से वापस मोर्चा स्थल पर लाया गया। किसानों ने जयकारे व नारे लगाते हुए मरणव्रत समाप्त किया। काका सिंह कोटड़ा ने स्पष्ट किया कि जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन जारी है व मेडिकल ट्रीटमेंट आरंभ कर दिया गया है। कोटड़ा ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून समेत अन्य दर्जन भर मांगों को पूरा करवाने के लिए गत वर्ष फरवरी माह से चल रहे आंदोलन का जीत की तरफ यह पहला कदम है। अभी आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि केंद्र से बातचीत का दौर दोबारा शुरू होने जा रहा है जो गत वर्ष फरवरी से बंद पड़ा था। किसानों के संघर्ष के दबाव के आगे केंद्र सरकार ने झुकते हुए गतिरोध को तोड़ते हुए बातचीत का प्रस्ताव भेजा है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
20 वर्षों से प्रसिद्ध सुखौना टेबलेट
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

# दिल्ली में 26 जनवरी तक विमान सेवाएं रहेंगी प्रभावित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर डीआईएएल ने घोषणा की कि गणतंत्र दिवस सप्ताह की गतिविधियों के कारण 19 जनवरी से 26 जनवरी तक अगले आठ दिनों के लिए सुबह 10:20 बजे से दोपहर 12:45 बजे के बीच कोई भी फ्लाइट आगमन या प्रस्थान नहीं करेगी। देश का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोजाना करीब 1,300 फ्लाइट्स की आवाजाही करता है। हालांकि अलग-अलग एयरलाइनों की पहले से तय उड़ानों पर इन प्रतिबंधों का खास असर नहीं पड़ने वाला है। डीआईएएल ने एक पोस्ट में 'नोटिस टू एयरमेन' एडवाइजरी शेयर की। इसमें कहा गया कि उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए यात्रियों से अनुरोध है कि वे संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें।

### इतनी उड़ानों पर लगेगा प्रतिबंध

20 जनवरी : 85 प्रस्तान और 85 आगमन, 21 जनवरी : 79 प्रस्थान और 85 आगमन प्रभावित हुए, जो सप्ताह का सबसे कम बाधित दिन था। शेष दिनः प्रतिदिन 81 से 84 प्रस्थान और 82 से 87 आगमन फ्लाइट प्रभावित होंगी।

### अंतरराष्ट्रीय रूट, जो प्रभावित होंगे

हवाई क्षेत्र बंद होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी प्रभावित होंगी, जिनमें टोरंटो, वाशिंगटन, ताशकंद, काठमांडू और कोलंबो जैसे प्रमुख शहरों की उड़ानें शामिल हैं। गणतंत्र दिवस फ्लाईपास्ट में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों और विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह बंद करना जरूरी है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**हरिभूमि लाया था संज्ञान में**




- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक
- नवा रायपुर में जमीन खरीदने की नीति बदली जाएगी

*2018 के पूर्व बनाए गए थे कई आवास और व्यावसायिक संपत्ति*

# हाउसिंग बोर्ड के 3445 मकान-दुकान डंप रेट गिराया, अब 30 फीसदी तक डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 19 जिलों में तीन हजार से ज्यादा मकान और दुकानें डंप हैं। खरीदार नहीं मिलने से कंडम हो रहे इन मकानों की ओर हरिभूमि ने लगातार बोर्ड का ध्यान खींचा। इस मामले को सरकार ने भी गंभीरता से लिया और रविवार को हुई साय कैबिनेट की बैठक में इस पर बड़ा फैसला करते हुए मकान-दुकानों पर 10 से 30 फीसदी तक छूट देना मंजूर कर लिया। पांच वर्ष ▸▸|शेष पेज 4 पर

**खबर का असर**



## प्रमुख शहरों में भी नहीं बिके मकान

हाउसिंग बोर्ड ने प्रदेश के 19 जिलों में वहां की आवश्यकता का आकलन करते हुए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी मकानों का निर्माण कराया। इनमें बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भी मकानों का निर्माण कराया गया, जो अब तक नहीं बिक पाए हैं। रायपुर जिले में 460 ईडब्ल्यूएस, 299 एलआईजी, 640 एमआईजी और 472 एचआईजी को मिलाकर कुल 1867 मकान आज भी रिक्त पड़े हैं। दुर्ग जिले में 524 मकान अब तक भी नहीं बिक पाए हैं। वहीं बिलासपुर में 333 मकान नहीं बिक सके हैं।

# फरवरी में 800 रुपए की दर से मिलेगी धान खरीदी के अंतर की राशि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में रविवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के किसानों और समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सरकार ने तय किया है कि राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वालों को एमएसपी के अतिरिक्त राज्य की ओर से दी जाने वाली अंतर की राशि फरवरी में दी जाएगी। यह निर्णय भी लिया गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाइन प्लेटफार्म के ▸▸|शेष पेज 4 पर



**रेडी टू ईट महिलाओं के हवाले**

## स्टील उद्योग को सरकार ने दी राहत

छत्तीसगढ़ राज्य में एचवी-4 श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता-मिनी स्टील प्लांट, स्टील उद्योग को, जिनके कैप्टिव पॉवर प्लांट नहीं हैं या एक मेगावॉट से कम है तथा उनका लोड 2.5 एमवीए से अधिक है, को औद्योगिक एवं आर्थिक मंदी के कारण उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने तथा राहत देने के उद्देश्य से कैबिनेट द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय ▸▸|शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# महाकुंभ में भीषण आग

## इंतजाम ऐसे घंटेभर में पा लिया काबू

## सिलेंडर फटे, कई तंबू जलकर हो गए खाक, अफरा-तफरी



*महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। तुलसी मार्ग पर स्थित सेक्टर 19 के रेलवे पुल के नीचे गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। सिलेंडरों के फटने से आग एक से दूसरे शिविर की ओर बढ़ती गई। हालांकि अग्निशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस बीच, घटनास्थल पर सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे और हालात का जायजा लिया, वहीं पीएम मोदी ने सीएम योगी से घटना की पूरी जानकारी ली।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महाकुंभ नगर

महाकुंभ मेले के सेक्टर-19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई। आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। उन्होंने बताया, करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं। इस आग में कई तंबू जलकर नष्ट हो गए। आग फैलने के दौरान कई एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट भी हुआ। शर्मा ने बताया कि इस ▸▸|शेष पेज 4 पर

- आग पर पाया गया काबू पीएम मोदी ने सीएम योगी से जाना हाल
- घटना में किसी के हताहत या घायल होने की खबर नहीं

## गीता प्रेस, निर्मला बाबा का शिविर

बताया जा रहा है कि सेक्टर 19 में गीता प्रेस, निर्मल बाबा और हनुमान सेवा समिति का शिविर था। यहां सबसे पहले अचानक आग लगी। आग के बाद सिलेंडरों को लेकर लोग बाहर की ओर भागते भी दिखाई दिए। मौके पर कुछ देर में ही सभी रेस्क्यू दल पहुंच गए। एनडीआरएफ भी मौके पर आ गई।



**आंखों देखी**

## डर से बच्चों की निकली चीख

महाकुंभ मेले में अचानक भीषण आग लगने से हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। एक चश्मदीद ने कहा, टेंट के अंदर जो भी सामान था वो सब जलकर राख हो गया। अचानक से आग लगी कुछ कहा नहीं जा सकता। मैं बाहर फोन पर बात कर रहा था कि अचानक से आग लग गई। इस बीच, लोग इधर-उधर भागते हुए देखे गए और एक बच्ची पापा-पापा चिल्ला रही है। कोई कंबल लेकर भाग रहा है, कोई साइकिल लेकर। कई वीडियो भी सामने हैं, जो मंजर बयां कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि टेंट में आग लगी हुई है और आग की लपटों के साथ धुआं ही धुआं उठ रहा है। कल्पवासियों के टेंट के पास आग फैलने के खतरे के चलते लोगों ने जगह खाली कर दी।

**'इंडिया स्टेट' वाले बयान पर घिरे**

# बिहार के बाद गुवाहाटी में भी राहुल के खिलाफ केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भाजपा, आरएसएस के साथ ही 'इंडिया स्टेट' से लड़ाई वाले बयान को लेकर मुसीबतों से घिर गए हैं। बयान को लेकर राजनीतिक विरोध झेल रहे राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस नेता के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार थाने में शनिवार को बीएनएस के तहत गैर जमानती धाराओं में यह केस दर्ज किया गया। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल का बयान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं का उल्लंघन है।

## क्या कहा था राहुल ने

15 जनवरी को दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने मोहन भागवत के एक बयान पर कहा था कि भाजपा, आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता' दिवस मानना चाहिए।

## राहुल का बयान चुनावी हार की हताशा

गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील और शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी की का बयान बार-बार चुनावों में मिल रही हार की हताशा का नतीजा है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे झूठ फैलाने और विद्रोह भड़काने का काम कर रहे हैं। चेतिया ने कहा, लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में नाकाम होने के बाद, वह अब केंद्र सरकार और भारतीय राज्य के खिलाफ असंतोष भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानेंद्र सीआरपीएफ के महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** असम के पुलिस प्रमुख ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। सिंह असम-मेघालय कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उन्हें 30 नवंबर, 2027 तक के लिए सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।



### कश्मीर पहुंची 22 बोगियों वाली ट्रेन

**जम्मू।** कटरा और श्रीनगर रेलवे स्टेशन के बीच 22 बोगियों वाली रेलगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया। यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से रेल के जरिये जोड़ने वाली रेल लाइन पर पहला सफल परीक्षण था। 18 एसी कोच, सामान ढोने वाली दो बोगी और दो इंजन वाली रेलगाड़ी कटरा से रवाना हुई।



### सड़क हादसे में चार की मौत, चार घायल

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर के पास शनिवार रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। बारात में शामिल एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा एक पशु के अचानक वाहन के सामने आने के कारण हुआ। कार में सवार बाराती छोटा गांव से लूणकरणसर के पेमासर गांव जा रहे थे।



### गंगा में नौका पलटने से तीन की मौत, चार लापता

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लापता हो गए। मृतकों में से दो की पहचान पवन कुमार (60) और सुधीर मंडल (70) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। नौका में 17 लोग सवार थे।



### होर्डिंग से गिरी रॉड राहगीर की गर्दन में घुसी, मौत

**जबलपुर।** जबलपुर में एक होर्डिंग से रॉड गिर कर रास्ते से गुजर रहे एक बुजुर्ग की गर्दन में जा घुसी जिससे उनकी मौत हो गई। स्थानीय निकाय का एक संविदा कर्मचारी शनिवार को इलाहाबाद बैंक चौक में होर्डिंग ठीक कर रहा था तभी एक रॉड गिरी और राहगीर किशन कुमार रजक (64) के गर्दन में घुस गई।



# फोर्स की गोलियों से बचने और प्यार को जिंदा रखने पेड़ पर बिताए 24 घंटे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

पिछले साल अक्टूबर माह में फोर्स और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक प्रेमी जोड़े ने 24 घंटे तक पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब इस जोड़े ने 15 जनवरी को नारायणपुर एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। हार्डकोर नक्सली प्रेमी जोड़ा रंजीत और काजल ने नारायणपुर एसपी के समक्ष समर्पण करते हुए अपने प्यार को परवान चढ़ाने के लिए लाल गलियारों की लक्ष्मण रेखा को पार कर समाज की मुख्यधारा में लौट आए हैं। उन्होंने ▸▸|शेष पेज 4 पर

- बारूद के ढेर में नक्सल जोड़े में पनपा प्यार

## साथियों को मरता देख छाया मौत का भय

रंजीत ने बताया कि 4 अक्टूबर 2024 अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस के जवानों से आमना सामना हो गया। इस दौरान आंखों के सामने अपने कई साथियों को पुलिस के जवानों की गोली से छलनी होते देख मन में मौत का भय बैठ गया। फोर्स के जवानों को पास आने से पहले वह सियाड़ी के पेड़ में चढ़कर मौत को चौबीस घंटे तक करीब से देखता रहा। उन्होंने बताया कि एनकाउंटर के दौरान दोपहर 3 बजे के करीब पेड़ में चढ़कर पांच अक्टूबर की शाम तक वे पेड़ की टहनियों में छिपकर जवानों से अपने आप को बचाता रहा। रंजीत बताते है कि शाम को ग्रामीणों के पहुंचने के बाद वे पेड़ उतरे और नक्सल खेमा में अपने साथियों के पास पहुंचे।

## नक्सलियों के बीच से निकलने बनाया प्लान

रंजीत और काजल ने आत्मसमर्पण करने के लिए अबूझमाड़ के एक गुप्त स्थान को चुना। नक्सलियों के बीच से निकलने के लिए उन्होंने एक प्लान बनाया था, जिसके तहत पहले रंजीत नक्सलियों के आंखों में धूल झोंककर जंगल से निकला, फिर काजल नक्सली संगठन का मोह त्यागकर प्लान के तहत उस गुप्त स्थान में पहुंची। जहां से दोनों एक नए जीवन में शुरूआत करने समाज की मुख्यधारा से जुड़ गए।

# पीएम मोदी से मिले डॉ. रमन, छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता

**रायपुर।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रविवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को आदिशक्ति मां बम्लेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया, जिस पर प्रधानमंत्री ने आभार जताया। साथ ही डॉ. रमन ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश की जानकारी साझा करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रमन ने प्रधानमंत्री मोदी को छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया है। प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान राज्य के विकास, जनहित योजनाओं और प्रदेश के समग्र उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। डॉ. रमन ने इस मुलाकात को प्रदेश के लिए हितकारी बताते हुए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला बताया।



- पीएम मोदी को मां बम्लेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया
- छत्तीसगढ़ के विकास और जनहित योजनाओं पर की चर्चा
- डॉ. रमन ने मुलाकात को प्रदेश के लिए दिशा प्रदान करने वाला बताया

# डोनाल्ड ट्रंप की शपथ में आज शामिल होंगे अंबानी दंपति भी

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। वह संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। समारोह दोपहर 12 बजे (भारतीय समयनुसार रात के करीब 10:30 बजे) होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए दर्जन भर से ज्यादा विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

- भारत के विदेश मंत्री समेत कई देशों के अतिथियों को न्योता



## मुकेश-नीता अंबानी रात्रिभोज में हुए शामिल

उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। 18 जनवरी को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे अंबानी उन चुनिंदा 100 लोगों में शामिल थे, जिन्होंने शनिवार की शाम ट्रंप के साथ रात्रिभोज में भाग लिया था।

**ये झारखंड-असम से ज्यादा, दिल्ली-पंजाब के करीब**

# छत्तीसगढ़ में पांच साल में बिके 26 लाख से ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार वाहन बिक्री में साल दर साल इजाफा हो रहा है। बीते साल करीब सात लाख वाहन बिके हैं जो एक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी एक साल में इतने वाहन नहीं बिके। जनवरी से नवंबर के बीच में तो वाहन बिक्री की ग्रोथ में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन भी रहा है। छत्तीसगढ़ में पांच साल में साढ़े 26 लाख ▸▸|शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि खास**

## ऐसे बढ़ता गया ग्राफ

प्रदेश में पांच साल से बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जहां 2020 में साल भर में 481797 बिके, वहीं 2021 में यह आंकड़ा कम होकर 455859 हो गया। यह साल कोरोना ▸▸|शेष पेज 4 पर



## बीते साल ग्रोथ में देश में नंबर वन रहा है अपना राज्य छत्तीसगढ़

### 2020 से 2024 तक किस राज्य में कितने वाहन बिके

| | | | |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 2654943 | त्रिपुरा | 263795 |
| पंजाब | 2835328 | हिमाचल | 620010 |
| दिल्ली | 2796326 | उत्तराखंड | 1120301 |
| झारखंड | 2514743 | अरुणाचल | 135149 |
| असम | 2614042 | पांडिचेरी | 253840 |
| हरियाणा | 3698689 | | |



### लगातार बढ़ रही बिक्री

छत्तीसगढ़ में लगातार वाहनों की बिक्री बढ़ रही है। पांच साल में 26 लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, फाडा, छत्तीसगढ़

### ग्रोथ में नंबर वन

छत्तीसगढ़ बीते साल ग्रोथ के मामले में नंबर वन रहा है। जनवरी से नवंबर तक छत्तीसगढ़ की ग्रोथ 18.57 रही है। दूसरे नंबर पर पांडिचेरी 11.55 प्रतिशत और तीसरे नंबर पर अरुणाचल प्रदेश 9.54 प्रतिशत के साथ रहा है। देश में सबसे ज्यादा वाहन बेचने वाले उप्र और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी ग्रोथ में छत्तीसगढ़ से काफी पीछे रही है। उप्र की ग्रोथ जहां महज 1.80 फीसदी है, वहीं महाराष्ट्र की 3.73 फीसदी है। देश के 17 राज्यों की ही ग्रोथ ही ज्यादा हुई है, जबकि 18 राज्यों की ग्रोथ पहले से कम हुई है।

चिंतन

# विज्ञान-तकनीक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की जरूरत

इक्कीसवीं सदी अगर चीन और भारत जैसे संभावनाओं से भरे देश की है तो विज्ञान और तकनीक के नवोन्मेश की भी है। हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों के साथ भाजपा के सत्ता में आने के बाद से सरकार पर वैज्ञानिकता के विचारों से दूर होने के आरोप लगे हैं, लेकिन हकीकत में पीएम नरेन्द्र मोदी की भाजपा नीत राजग सरकार के दौर में भारत ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में शोध से लेकर निर्माण तक अधिक प्रगति की है। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने मंगलयान, सूर्ययान (आदित्य एल1) से चंद्रयान तक इतिहास रचा है, उपग्रह प्रक्षेपण में विश्व कीर्तिमान बनाया है। उपग्रह से लेकर फाइटर प्लेन तक का निर्माण भारत कर रहा है। डिजिटल तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपीआई से लेकर एआई (कृत्रिम मेधा), ब्लॉक चेन, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थाउट्स (आईओटी), रोबोटिक्स आदि क्षेत्र में मोदी सरकार नीति से लेकर निवेश तक को बढ़ावा दे रही है, तकनीक आधारित सेमीकंडक्टर व ग्रीन हाइड्रोजन उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। नई शिक्षा नीति के जरिये स्कूल से लेकर कॉलेज तक के बच्चों में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। आने वाले वक्त में पढ़ाई, पाठ्यक्रम और उद्योग की प्रकृति पूरी तरह बदलने वाली है। प्राचीन भारत की ताकत आध्यात्मिक ज्ञान और योग-आयुर्वेद थे, तो आधुनिक भारत की ताकत विज्ञान व तकनीक के ज्ञान आधारित कार्य हैं। हाल में भारत ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग कर नया कीर्तिमान रचा है और अमेरिका, रूस व चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया है। 'डॉकिंग', अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में अंतरिक्ष स्टेशन तक आपूर्ति सुनिश्चित करने और मिशन के सदस्यों के लिए अहम है। मोदी सरकार ने विज्ञान और नए वैज्ञानिक शोध के लिए बजट बढ़ाया है, एक फरवरी को आने वाले नए बजट में भी इसकी उम्मीद है। 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र की एक भारतीय स्टार्टअप 'पिक्सेल' ने भारत का पहला निजी उपग्रह कॉन्स्टेलेशन 'फायर-फ्लाई' सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह दुनिया का सबसे उच्च विभेदन वाला निजी इमेजिंग सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत को आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाया है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी बड़ा कदम है। ये सफलता हमारे निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवोन्मेष का प्रतीक है। हालांकि स्पेस साइंस में भारत में निजी निवेश दो फीसदी से भी कम है। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने के प्रयास भी कर रहे हैं। इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीज को चुना। 30 दिसंबर को भेजे गए ये बीज अंतरिक्ष में ही अंकुरित हुए। ये एक बेहद प्रेरणादायक प्रयोग है जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने का रास्ता खोलेगा। टीका बनाने में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। विज्ञान, तकनीक व डिजिटल क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स से लेकर नवोन्मेष आधारित उद्योग भारत को विश्व में नॉलेज सुपर पावर बनाएंगे। सरकार को शिक्षा से लेकर नीतिगत स्तर पर साइंस-टेक के माहौल पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, इसमें सार्वजनिक व निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। समाज में वैज्ञानिक माहौल भी बने रहना चाहिए।

व्यंग्य

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा



# जो बांटे रेवड़ी, सत्ता उसकी

जब हम बच्चे थे, खूब रेवड़ियां खाया करते थे। हॉफ पेंट की जेब में 10 पैसे की रेवड़ियां उछलते-कूदते बाहर झांक रही होती थीं। तब हम इसे केवल रसना का परम आनंद ही माना करते थे। शक्कर की चासनी में डूबकर बनी रेवड़ी के सफेद तिल दांतों के बीच फंसकर जब बाहर निकलते तो भी परम आनंद का अनुभव कराती थी। शायद इसी रेवड़ी के उत्तम स्वाद की याद ने उम्र बढ़ने के बाद हम जैसों के साथ बाललीला शुरू कर राजनीति के मैदान में कदम रखने वालों को रेवड़ी की घुलनशीलता का सम्मान करना बखूबी सिखा दिया। उसे बांटने की प्रथा को अपनी मजबूती और सत्ता की स्थाई कुर्सी के चार स्तंभ के रूप में पहचान कर उन्होंने रेवड़ी वितरण को समाज सेवा का पर्याय बना डाला। आज उसी रेवड़ी ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि बिना उसके सहारे किसी का दिल जीतना आसान नहीं है। इसी रेवड़ी ने भारतवर्ष की आत्मा दिल्ली में फ्री बिजली और मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजना की भारी-भरकम रेवड़ी तैयार कर सत्ता के सिंहासन रूपी चार पैरों को इसी की चासनी में डुबाकर 'आप' के सहारे मजबूती बनाई हुई है। दिल्ली की तर्ज पर कई राज्यों में लोक-लुभावनी रेवड़ीनुमा योजनाओं को संकल्प पत्र की सुंदरी बनाकर राजनीतिक दल हारी हुई बाजी जीतकर बाजीगर साबित हो रहे हैं। हमने देखा है कि ऐसी कुछ लालच भरी थाली परोसकर महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने न केवल बंपर जीत हासिल की वरन विरोधियों के लिए पांच वर्ष की बीपी, शुगर जैसी बीमारी भी परोस दी। रेवड़ियों में छिपी सत्ता की चाबी, जो कभी कुछ जौहरियों द्वारा ही पहचानी गई थी, अब दल-दल की आम समझ बन चुकी है। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ दशकों में चुनावों के दौरान रेवड़ियां बांटने का चलन काफी बढ़ चुका है। ये रेवड़ियां केवल मतदाताओं के कंठ के नीचे ही रसास्वादन नहीं कर रहीं हैं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं को भी भरपूर जोड़े रखने में 'फेवीक्विक' का काम कर रही हैं। चुनाव में किसी एक को टिकिट देने के बाद मचे विरोधी स्वर को भी यही संस्कृति ठंडा कर रही है। किसी को चुनाव की कमान सौंपकर तो किसी को चुनाव के बाद लालबत्ती की सौगात देने के आश्वासन ने रेवड़ियों के स्वाद को और अधिक बढ़ा दिया है। भले ही मुफ्त की योजनाओं (रेवड़ियां) के मुद्दे पर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सवाल उठाए जा चुके हैं , किंतु राजनीतिक दलों के लिए रेवड़ी संस्कृति 'गेम चेंजर' ही सिद्ध हो रही है। हमारे देश के कम से कम दो दर्जन राज्य ऐसे हैं जहां विधानसभा चुनाव में लोक-लुभावनी योजनाओं ने ही राजनीतिक दलों को सत्ता की चाबी सौंपी है। अभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनावों की रणभेरी बजाई जा चुकी है। इस रणभेरी में एक से बढ़कर एक हलवाई रेवड़ी बनाने के लिए स्वादिष्ट घोल तैयार करने में जुटे हुए हैं। एक दशक से मुफ्त की योजनाओं के सहारे सत्ता सुंदरी को नई-नई चुनरी ओढ़ाने वाले शूरवीर ने इस बार जो रेवड़ी फेंकी है, वह विरोधी दलों के लिए विष का काम करती दिख रही है। एक ओर जहां पुरानी डिब्बा बंद रेवड़ी खिलाते रहने का वादा है तो दूसरी ओर विरोधियों की रेवड़ी की चासनी चुराते हुए मफलर बाबा ने ऐसी रेवड़ी लुटाने की बात की है जो मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारे-चर्च तक अपना असर दिखाने के लिए उतावली है। पुजारी, मुल्लों, ग्रंथि एवं फादर को प्रतिमाह और प्रतिदिन इसी रेवड़ी के ललचाए स्वाद का रसास्वादन 15 हजार रुपये सेवाशुल्क के रूप में प्रदान करने की घोषणा ने बहुत बड़े वोट बैंक को रेवड़ी फैक्ट्री की ओर खींचने का प्रयास किया है। हमारे देश की बड़ी एवं पुरानी राजनीतिक पार्टियों ने इसी रेवड़ी कल्चर को मजबूत ईंट और गारे का स्वरूप देना जारी रखा है। इस तरह की रेवड़ियां केवल मतदाताओं तक सीमित नहीं हैं। अब इनका फैलाव राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता हथियाने के लिए अपने परम विरोधियों से हाथ मिलाकर सरकार गठन तक हो चुका है। मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना , महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना और झारखंड में मैया सम्मान योजना ने सत्तारूढ़ दलों की सत्ता में जोरदार वापसी कराई है ! इसी तरह कर्नाटक में गृह लक्ष्मी, ओडिसा में सुभद्रा योजना ,पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना भी सत्ता का मार्ग खोलती दिखाई पड़ी है। राजनीतिक दलों ने चुनाव से पूर्व गठबंधन कर सत्ता मिलने पर मंत्री पदों को भी रेवड़ी की चासनी में डुबा डाला है। कुछ ऐसी ही रेवड़ी वाली योजनाओं से हम मतदाता अब निकल नहीं पा रहे हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भी रेवड़ी संस्कृति से पीछे नहीं है। मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन 2028 तक देने की घोषणा कर खुद को रेवड़ी बांटने वालों की श्रेणी में शामिल कर लिया है। यह अलग बात है कि देश के कुछ महान अर्थशास्त्रियों ने मोदी की इस घोषणा को लोक-कल्याणकारी योजना की संज्ञा दी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चुनावी रेवड़ियों के शोर में गुम दिल्ली का दर्द



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने चुनावी घोषणापत्र या संकल्प पत्र घोषित कर दिए गए हैं।अमूमन सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त चुनावी रेवड़ियों की पोटलियां खोल दी है। दिल्ली चुनाव अभियान पर गौर करें तो यहां कि चुनावी फिजा में दमघोंटू हवा, झागदार यमुना, मलिन बस्तियों से कराहती दिल्ली, बरसात में जानलेवा जलभराव तथा गर्मियों में पेयजल समस्या से जूझती जनता, राष्ट्रीय राजधानी के साख पर बट्टा लगाती गढ्ढों और धूल भरी सड़कों का मुद्दा गायब है। आमतौर पर दिल्ली के वोटर्स को शेष भारत के मतदाताओं की तुलना में ज्यादा जागरूक और निष्पक्ष माना जाता है लेकिन बीते कुछ चुनाव परिणामों पर गौर करें तो अब यहां के मतदाता भी कहीं न कहीं फ्री बिजली और पानी के प्रलोभन में आकर बुनियादी समस्याओं के प्रति उदासीन नजर आ रहे हैं। अलबत्ता इस चुनाव में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी 'भाजपा' की बात करें तो उसने दिल्ली में अपने धुर राजनीतिक बैरी अरविंद केजरीवाल को सत्ता से बेदखल करने के लिए सारे पत्ते खोल दिए हैं। दरअसल बीते कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली फतह से भाजपा समझ चुकी है कि राज्यों में सत्ता की चाबी महिलाओं के हाथों ही है लिहाजा उसने अपने संकल्प पत्र में महिला वोटबैंक को साधने के लिए तमाम जतन किया है। पार्टी ने दिल्ली के महिलाओं से एलपीजी सिलेंडर में 500 रूपए की सब्सिडी, महिला समृद्धि योजना के तहत हर महीने 2500 रुपए, गर्भवती महिलाओं को 21000 रूपए देने जैसे वादे किए हैं वहीं मध्यमवर्गीय और गरीब वोटरों के वोट हासिल करने के लिए दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना, वरिष्ठ नागरिकों को 3000 रूपए तक पेंशन और झुग्गियों में पांच रूपए में राशन देने का भरोसा दिलाया है।

दिल्ली की सत्ता में 2013 से लगातार काबिज केजरीवाल की आम आदमी पार्टी 'आप' ने मतदाताओं का भरोसा फिर से जीतने जहां 'कमंडल' की राजनीति के तहत मंदिरों के पुजारियों और गुरूद्वारों के ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपए तथा महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रूपए देने का वादा किया है। इसके अलावा उसने मुफ्त शिक्षा, बिजली और पानी के अपने पुराने योजनाओं को आगे भी जारी रखने तथा 60 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को फ्री इलाज का गारंटी दिया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जो दिल्ली में अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है ने अपने 'गारंटी कॉर्ड' में दिल्ली के लोगों का दिल जीतने के लिए फ्री राशन कीट, 500 रूपए में रसोई गैस, 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं और युवाओं का वोट हासिल करने बेरोजगार युवाओं को 8500 मासिक भत्ता और एक साल की अप्रेंटिसशिप व दीदी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया है। अलबत्ता इन तीनों पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र में दिल्लीवासियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे हर ठंडी में कहर बरपाने वाली वायु प्रदूषण, यमुना नदी को प्रदूषणमुक्त करने तथा दिल्ली की खराब सड़कें और जनसंख्या दबाव को कम करने जैसे मुद्दे हाशिए पर हैं। शायद ! सभी पार्टियां एकमत हैं कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर वोट हासिल नहीं किया जा सकता लिहाजा इन पर मुंह सिलना ही उचित है।



गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' द्वारा दुनिया के 1650 शहरों वायु प्रदूषण पर में किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक भारत की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता अन्य शहरों की तुलना में बहुत खराब है। एक अन्य सर्वे के अनुसार दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित दूसरी राजधानी है। अमूमन हर साल अक्टूबर से लेकर पूरे सर्दियों के मौसम में दिल्ली वासियों पर वायु प्रदूषण का कहर बरपता है। इस दौरान समूचा दिल्ली - एनसीआर का इलाका धुंध यानि स्मॉग से लिपटी रहती है तथा महानगर 'गैस चैंबर' के रूप में तब्दील हो जाती है। दिल्ली सरकार को अमूमन हर साल 'हेल्थ इमरजेंसी' लगाकर स्कूलों को बंद कर ट्रैफिक पर दबाव कम करने के लिए ऑड-इवन व्यवस्था लागू करती है। इस दौरान अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित होती है जिसका असर आम जनजीवन पर पड़ता है। बिहार सहित उत्तर भारतीयों के प्रमुख पर्व 'छठ पूजा ' के दौरान दिल्ली की झागदार यमुना की तस्वीर देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। यमुना दिल्ली की जीवनरेखा है जो दिल्लीवासियों की प्यास बुझाती है लेकिन अनियोजित विकास, अतिक्रमण , औद्योगिक अपशिष्टों के प्रवाह के चलते यह मरणासन्न स्थिति में है। यमुना को अविरल और स्वच्छ बनाने तमाम तरीके की राजनीति हुई अनेक एक्शन प्लान बने लेकिन यमुना का भाग्य नहीं बदला। हर साल बरसात में समूची दिल्ली की सड़कें, रिहायशी इलाके और निचली बस्तियां जलमग्न हो जाती है फलस्वरूप जहां जानमाल का नुकसान होता है वहीं घंटों ट्रैफिक जाम भी रहता है लेकिन राजनीतिक दल इस दिशा में मौन हैं। बीते बरसात में दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन युवाओं की मौत पर सियासत करने वाली पार्टियां इस समस्या पर मौन हैं। दिल्ली की एक पहचान यहां की झुग्गी-बस्तियां हैं जो बहुत बड़ा वोट बैंक है लेकिन इन बस्तियों के सुनियोजित विकास या विस्थापन पर चुनाव में कोई चर्चा नहीं है। बहरहाल ये कुछ अहम मुद्दे हैं जिससे दिल्ली की आर्थिकी कराह रही है लेकिन राजनीतिक दल इस चुनावी मौसम में मरहम की जगह रेवड़ियां बांटने में लगीं हैं।

गौरतलब है कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट के चुनाव में बंटने वाली 'फ्रीबीज' यानि मुफ्त चुनावी रेवड़ियां भारतीय राजनीति के लिए लाइलाज बीमारी बन चुकी है जो देश के अर्थव्यवस्था को भी बीमार कर रही है। हर राजनीतिक दल ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के फेर में वोट हासिल करने के लिए बढ़-चढ़कर बोलियां लगा रहे हैं लेकिन खामियाजा देश और आमजनता को ही भोगना पड़ रहा है। अलबत्ता एक दौर वह भी आया था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुफ्त चुनावी वादों के प्रति बेरुखी और सुप्रीम कोर्ट में फ्रीबीज पर हुए सुनवाई से यह लगने लगा था कि भविष्य में मुफ्त रेवड़ियों पर जरूर अंकुश लगेगा लेकिन विभिन्न पार्टियों द्वारा इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने के बाद कोशिशों पर विराम लग चुका है। बिलाशक अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली के मतदाताओं के लगातार ऐतबार के पीछे उनका भ्रष्टाचार विरोधी, ईमानदार और सादगी पूर्ण व्यक्तित्व था लेकिन हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके सरकार के कुछ मंत्रियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से केजरीवाल के साख पर बट्टा लगा है। 'अन्ना आंदोलन' की कोख से पैदा हुए अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अपने पहले चुनाव में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी जरूरतों के बारे में जो वायदे किए उसे दिल्ली के लोगों ने हाथों हाथ लिया और सत्ता एक नए नवेले पार्टी को सौंप दी।अगले चुनाव में आप पार्टी के मुफ्त बिजली और पानी के चुनावी रेवड़ियों के चलते दमघोंटू प्रदूषण जैसे मुद्दे पीछे छूट गए जिसका परिणाम यह हुआ कि अब हर सर्दियों में दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था हांफने लगी है। देश की चुनावी राजनीति में 'रेवड़ी कल्चर ' निश्चित तौर पर चुनावों की निष्पक्षता और शुचिता को प्रभावित कर रहा है। मुफ्त योजनाओं का असर सीधे तौर पर मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ - साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में पड़ रहा है फलस्वरूप देश और समाज का विकास प्रभावित हो रहा है।

बहरहाल पचहत्तर बरस बूढ़े लोकतंत्र में राजनीतिक दलों यदि चुनाव जीतने के लिए यदि मुफ्त की चीजें बांटनी पड़ रही है तो यह हमारे राजनेताओं के साथ ही मतदाताओं के लिए भी आत्मचिंतन का विषय है।अलबत्ता किसी भी देश की राजधानी उस देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का आइना होता है लिहाजा दिल्ली की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए दिल्लीवासियों को राजनीतिक दलों से फ्रीबीज की जगह प्रदूषण, पेयजल, विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सवाल करने की जरूरत है ताकि देश का दिल हर मौसम में तंदुरुस्त रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित

दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है।

## जिसका भी मनोबल जागा



संकलित

प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक पंक्ति 80 से ऊपर के बुजुर्गों की भी बने

भारत के सभी सरकारी (और निजी) अस्पतालों में डाक्टरों को दिखाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अलावा एक विशिष्ट, सुनिर्धारित पंक्ति ओक्टोजेनेरियन (80 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक) के लिए भी होना बहुत आवश्यक है। चिकित्सा विशेषज्ञ कैसे और कितने सक्षम तरीके से इलाज कर पाएं, ये अलग विषय हैं। परंतु आरम्भिक रूप से ही कुछ श्रेयस्कर होना भी अनिवार्य है। ओक्टोजेनेरियन सहित सभी वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए भी उचित और समुचित स्थान उपलब्ध होना चाहिए। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों से अनुरोध है कि इस मनुष्य जीवन की लगभग अंतिम अवस्था में जी रहे माननीय नागरिकों को इतनी सी विशेष सुविधा तो उपलब्ध होनी ही चाहिए। स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ व बेहतर व्यवस्था ज़रूरी है। *– मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### कार्यकर्ताओं से संवाद



दिल्ली ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने की ठान ली है। 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में समर्पित कार्यकर्ताओं से संवाद का सुअवसर मिलेगा। इसके लिए आप अपने विचार जरूर साझा करें। मैं आपमें से कुछ लोगों से बात करूंगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'अनब्रेकेबल' का ट्रेलर



आम आदमी पार्टी पर बनी फिल्म "Unbreakable" का ये ट्रेलर है। ट्रेलर देख लीजिए। आपको समझ आ जाएगा कि बीजेपी इस फिल्म को क्यों रोकना चाहती है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**


### रिश्ते बनते भी हैं



रिश्ते जन्मजात ही नहीं होते बनाए भी जा सकते हैं, मैं मध्य प्रदेश से हूँ दीपिका जी महाराष्ट्र गुजरात से, अरुण जी उत्तरप्रदेश से और हम रामायण के माध्यम से मिले और रिश्ता हमेशा के लिए बन गया और हम सभी इसका सम्मान करते हैं।

**-सुनील लहरी, अभिनेता**

### मोदी जी की गारंटी



अब होगा सच्चा जनकल्याण, अब होगा दिल्ली का विकास। विकसित भारत की राजधानी दिल्ली के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र है मोदी जी की गारंटी, मतलब हर गारंटी पूरा होने की गारंटी।

**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**

## करंट अफेयर

### अमेरिका में प्रतिबंध लागू होने के बाद 'टिकटॉक' बंद

अमेरिका में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध लगाने वाला संघीय कानून प्रभावी होने से कुछ घंटे पहले ऐप को बंद कर दिया गया। ऐप शनिवार को बंद किया गया। अमेरिकी उपयोगकर्ताओं को ऐप खोलने पर एक संदेश मिला जिसमें लिखा था, "अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का कानून पारित किया गया है। इसका मतलब है कि दुर्भाग्य से आप अब टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। संदेश में लिखा था, हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेंगे। तब तक के लिए हमारे साथ बने रहिये। एक ओर, बाइडन प्रशासन ने टिकटॉक की बंद करने की धमकी को एक स्टंट बताकर खारिज कर दिया तो दूसरी ओर टिकटॉक ने कहा कि स्पष्ट आश्वासन के बिना, उसके पास अमेरिका में अपनी सेवाओं को निलंबित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 20 जनवरी को पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए एक समाधान पर काम करने की मंशा व्यक्त की है।




## ऑफ बीट

### क्या कौए सचमुच चतुर पक्षी होते हैं?

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# विवियन को पछाड़ कर करणवीर ने जीती ट्रॉफी

*मुंबई। बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले करणवीर मेहरा की जीत के साथ खत्म हो गया है। ऑडियंस के लिए एक बेहद रोमांचक और यादगार शाम साबित हुआ। शो के होस्ट सलमान खान ने अपने शानदार अंदाज से फिनाले को और खास बना दिया। इस मौके पर कई सितारों ने अपनी परफॉर्मेंस से समा बांधा, जिसमें सेलेब्रिटी गेस्ट्स और शो के फाइनलिस्ट्स की परफॉरमेंस शामिल थीं। पूरे सीजन में रोमांचक उतार-चढ़ाव के बाद, यह फिनाले दर्शकों के लिए उत्साह और भावनाओं से भरपूर था। विनर की घोषणा के साथ ही ऑडियंस को उन पलों की याद दिलाई गई जिन्होंने इस सीजन को खास बनाया।*



### करण को ट्रॉफी के साथ मिली 50 लाख की रकम

सलमान खान के शो 'बिग बॉस सीजन 18' की ट्रॉफी करणवीर मेहरा के घर पहुंची. करण ने शो की ट्रॉफी के साथ-साथ प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख रुपए की मोटी रकम भी हासिल की है, वहीं शो में रनर अप रहे विवियन डीसेना को भी कई खास प्राइज मिले हैं।

### इन कंटेस्टेंट ने दी शानदार परफॉर्मेंस

बता दें कि शो के फिनाले की शाम बहुत ही शानदार रही, जिसमें सभी कंटेस्टेंट ने अपनी धमाकेदार परफोर्मेंस से लोगों का खूब मनोरंजन किया, वहीं करण, शिल्पा और विवियन के डांस ने भी दर्शकों का खूब दिल जीता।

### रजत दलाल टॉप 3 में पहुंचने के बाद हुए बाहर

अपने मजबूत खेल, बेहतरीन रणनीतियों और ऑडियंस से मिले भरपूर सपोर्ट के दम पर यह खिताब जीता। फिनाले के दौरान, सलमान खान ने करणवीर मेहरा के नाम का ऐलान किया और उनके चेहरे की खुशी देखने लायक थी। एक्टर ने पॉपुलर विवियन डीसेना को हरा कर ये किताब अपने नाम किया। इस जर्नी में में उन्हें टीवी जगत के सितारों ने खूब सपोर्ट किया। रजत दलाल टॉप 3 में पहुंचने के बाद बाहर हुए। रजत के बाहर होते ही एल्विश यादव और उनके परिवार वाले हैरान हो गए। ईशा, चुम के बाद अविनाश घर से बेघर हुए।

### सलमान के साथ अंदाज अपना-अपना 2 में काम करना चाहते हैं आमिर

सलमान ने आमिर को याद दिलाया कि उन्होंने पुराने इंटरव्यू में एक्टर के साथ काम नहीं करने की कसम खाई थी। इस पर आमिर ने अपनी सफाई दी। एक्टर ने बताया कि वो आमिर के साथ काम करने के दौरान कई फिल्मों में काम करते थे तो अक्सर लेट हो जाया करते थे। यहां आमिर ने कहा कि उन्हें अंदाज अपना अपना 2 साथ करनी चाहिए।

### लाफ्टर शेफ्स 2 का मजेदार प्रमोशन

विक्की जैन, एल्विश यादव, मन्नारा चोपड़ा, अंकिता लोखंडे और अभिषेक कुमार लाफ्टर शेफ्स के सीजन 2 का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान विक्की ने विवियन पापड़ी चाट बनाने का टास्क किया। इसकी मजेदार रेसिपी करणवीर ने बताई।


### अभिषेक कुमार ने चाहत पांडे के साथ किया डांस

बिग बॉस 17 के पहले पहले रनर अप अभिषेक ने चाहत पांडे के साथ सलमान खान के गाने पर डांस किया। वहीं, बिग बॉस 18 की एक्स कंटेस्टेंट नायरा ने सलमान खान के साथ डांस किया।

### ये 6 कंटेस्टेंट बने थे शो के फाइनलिस्ट

सलमान खान के शो में इस बार टॉप 5 नहीं, बल्कि टॉप 6 कंटेस्टेंट ने अपनी जगह बनाई थी। इस लिस्ट में करण वीर मेहरा के अलावा विवियन डीसेना, अविनाश मिश्रा, चुम दरांग, ईशा सिंह और रजत दलाल का नाम शामिल है। बता दें कि शो में करणवीर मेहरा और चुम दरांग के लव ट्राय एंगल को भी लोगों ने खूब पसंद किया, हालांकि दोनों ने हमेशा इस रिश्ते को दोस्ती का नाम दिया।

## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन फेम हेनरी बने पिता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेता हेनरी कैविल और उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो हाल ही में अपने पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी का उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन दोनों को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में एक बेबी कैरिज के साथ चलते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद हर तरफ उनके माता-पिता बनने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। अप्रैल 2024 में कैविल ने यह पुष्टि की थी कि वह और नताली अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।



# क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट के दौरान पढ़ा 'जय श्रीराम'

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने मुंबई में म्यूजिक ऑफ स्फीयर्स कॉन्सर्ट के दौरान भारतीय फैंस को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने 'जय श्री राम' बोला। कॉन्सर्ट के दौरान हिंदी में अभिवादन से लोगों का दिल जीतने के बाद उन्होंने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। दरअसल, सिंगर और कोल्डप्ले के फ्रंटमैन कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसकों द्वारा उठाए गए प्लेकार्ड पढ़ रहे थे। एक प्लेकार्ड पर 'जय श्री राम' लिखा था। मार्टिन ने इसे पढ़ा, जिसके बाद दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। उन्होंने यह भी पूछा कि इसका क्या मतलब है। इतना ही नहीं, उन्होंने अन्य प्लेकार्ड भी पढ़े और उस पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने हिंदी में सभी का अभिवादन भी किया। शो के दौरान बैंड ने अपने मशहूर ट्रैक बजाए, जिसमें पैराडाइज, विवा ला विदा, एडवेंचर ऑफ ए लाइफटाइम और येलो शामिल थे।



# मायानगरी में खरीदा एक और आशियाना

**मुंबई।** अभिनय की दुनिया में किस्मत आजमाने मुंबई पहुंचने वाले हर सितारे का सपना उस शहर में घर खरीदने का होता है। मायानगरी कहे जाने वाले इस सपनों के शहर में घर खरीदना मामूली बात नहीं। वहीं, अभिनेत्री, मॉडल और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी नेहा मलिक ने इसी शहर में एक और आशियाना लिया है। जिक्र कर दें कि यह उनका पहला नहीं, बल्कि तीसरा घर है। दो घर वे पहले ही खरीद चुकी हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया की चर्चित हस्ती हैं। अक्सर अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर चर्चा बटोरती हैं। उन्होंने अपने हालिया इंस्टा पोस्ट के जरिए बताया है कि मुंबई में उन्होंने नया घर लिया है। इसकी झलकियां भी उन्होंने शेयर की हैं। साथ ही यूट्यूब पर वीडियो शेयर कर फैंस को होम टूर कराया है।



# किरदार के लिए जुनैद ने की खास तैयारी

**नई दिल्ली।** जुनैद खान और खुशी कपूर नई जोड़ी के रूप में पर्दे पर नजर आने वाले हैं। 'लवयापा' का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इससे पहले वह सीक्रेट सुपरस्टार और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्म बना चुके हैं। फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चांदनी चौक की भीड़-भाड़ से लेकर लोधी गार्डन की शांति तक, जुनैद ने दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को अनुभव किया, जिससे उन्हें अपने किरादर को निभाने में मदद मिली।

# इन जोड़ियों के बीच पहले प्यार, फिर हुई तकरार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे हाल ही में, बिग बॉस के घर से एविक्ट हो गई हैं। हालांकि, वह लोगों की पसंदीदा कंटेस्टेंट में से एक रही हैं और टॉप 5 की दावेदार भी थीं। शो में चाहत पांडे और रजत दलाल का कुछ दिनों तक लव एंगल भी निकला। हालांकि, बाद में फैमिली वीक में चाहत की मां ने आकर रजत को लताड़ लगाई। रजत का भी कहना था कि वह बाहर किसी और को डेट कर रहे हैं। अब आलम यह था कि दोनों ही एक-दूसरे का चेहरा देखना पसंद नहीं करते हैं।



अभिनेत्री पायल रोहतगी बिग बॉस 2 का हिस्सा रही थीं। इस शो में पायल ने राहुल महाजन को डेट किया था। दोनों को शो में साथ में रोमांस करते हुए भी देखा गया था। हालांकि, बाद में राहुल ने मोनिका बेदी से रोमांस करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पायल और राहुल में विवाद हुए और यह विवाद आज तक कायम भी हैं। बिग बॉस 13 में हिमांशी खुराना और आसिम रियाज की जोड़ी काफी पॉपुलर हुई थी। शो के बाद भी लंबे समय तक दोनों साथ ही थे और एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। यह रिश्ता चार साल तक चला भी था, लेकिन साल 2023 में दोनों की राहें अलग हो गईं और दोनों ने अपना ब्रेकअप अनाउंस किया था। बिग बॉस 8 की सबसे चर्चित जोड़ी करिश्मा तन्ना और उपेन पटेल की थी। करिश्मा इस कदर उपेन के प्यार में दीवानी थीं कि वह खुद सलमान खान से भी लड़ गई थीं। हालांकि, शो खत्म होने के बाद इस जोड़ी ने भी अपने रास्ते अलग कर लिए थे।

# बॉलीवुड स्टार्स के बॉडीगार्ड भी लेते हैं तगड़ी फीस, सुनकर उड़ जाएंगे होश...

*मुंबई। सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद पूरा बॉलीवुड हिल गया है। हर एक बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड नियुक्त करता है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। आइए आपको बताते हैं इन बॉलीवुड स्टार्स की सुरक्षा के लिए यह अपने बॉडीगार्ड को कितनी मोटी फीस देते हैं।*

**सैफ अली खान :** सैफ अली खान और करीना कपूर खान के पास बड़ा स्टाफ है। इसमे पीएस, पीआरओ, ड्राइवर, माली, बॉडीगार्ड शामिल हैं। इसमे दोनों ( सैफ और करीना ) का मिलाकर 13 लोग है। घर का स्टाफ 4 लोगों का है। सैफ और करीना के पास कुल 6 ड्राइवर हैं। अलग-अलग बॉडीगार्ड मिलाकर ये संख्या 10 है। इनमें से सैफ और करीना के पास हमेशा 13 लोगों का स्टाफ दिन हो या रात में मौजूद रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन सभी में खासतौर पर सैफ के बॉडीगार्ड की सैलरी करोड़ों में है।

**सलमान खान :** शेरा, जो 1995 से सलमान खान के बॉडीगार्ड हैं, कथित तौर पर सालाना 2 करोड़ रुपए कमाते हैं। शेरा



अपनी बॉडी बिल्डिंग के लिए पहचाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेरा ने कहा कि वे अपनी खुद की सुरक्षा फर्म, टाइगर सिक्योरिटी भी चलाते हैं। 2017 में, उन्होंने मुंबई में अपने कॉन्सर्ट के दौरान जस्टिन बीबर की सुरक्षा संभाली थी।


**शाहरुख खान :** रवि सिंह कथित तौर पर एक दशक से अधिक समय से शाहरुख खान के बॉडीगार्ड हैं और अभिनेता की सुरक्षा करते हैं। उन्हें अक्सर अभिनेता के बच्चों आर्यन खान और सुहाना खान की सुरक्षा करते हुए भी देखा गया है। रवि सिंह कथित तौर पर 2.7 करोड़ रुपए का वार्षिक वेतन कमाते हैं।

**आलिया भट्ट :** सुनील तालेकर बचपन से ही आलिया भट्ट के बॉडीगार्ड रहे हैं और कथित तौर पर उनकी बेटी राहा की भी देखभाल वही करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अपनी सेवाओं के लिए सालाना 50 लाख रुपए कमाते हैं।

**अक्षय कुमार :** अक्षय कुमार के बॉडीगार्ड श्रेयसे थेले कथित तौर पर हर साल 1.2 करोड़ रुपए लेते हैं, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा वेतन पाने बॉडीगार्ड की लिस्ट में शुमार हैं।

**आमिर खान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व बॉडी बिल्डर युवराज घोरपड़े आमिर खान के निजी अंगरक्षक हैं और कथित तौर पर सालाना लगभग 2 करोड़ रुपए कमाते हैं।

# ऋतिक को रियाद में मिला जॉय अवार्ड




*मुंबई। ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉड्र्स में उन्हें सम्मानित किया गया। अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, 'धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।' आगे ऋतिक ने कहा, 'यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है। अब मैं एक अभिनेता के रूप में अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं।*

## मास्टर विनायक ने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी

# 87 साल पहले बोल्ड सीन फिल्माकर मचा दिया तहलका

*नई दिल्ली। 19 जनवरी 1906 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मे मास्टर विनायक (विनायक दामोदर कर्नाटकी) भारतीय सिनेमा के ऐसे अभिनेता और निर्देशक थे, जिन्होंने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी मित्रता महान गायक दीनानाथ मंगेशकर से गहरी थी।*

### बोल्ड सीन की खूब हुई चर्चा



मास्टर विनायक की फिल्म ब्रह्मचारी (1938) भारतीय सिनेमा की एक महत्वपूर्ण फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में मुख्य नायिका मीनाक्षी शिरोडकर को स्विमिंग सूट में दिखाया गया था, जो उस दौर के हिसाब से काफी विवादास्पद बात थी। फिल्म के इस दृश्य को लेकर दर्शक और समाज में काफी चर्चा और आलोचना हुई थी। इस फिल्म ने सिनेमा की सीमाओं को चुनौती दी और दर्शकों के सोचने का तरीका बदल दिया।

### लता मंगेशकर को फिल्म में दिया पहला मौका

लता मंगेशकर को सिनेमा में पहला मौका देने वाले मास्टर विनायक ही थे। मराठी फिल्म पहिली मंगलागौर (1942) में उन्होंने लता को बड़ा ब्रेक दिया। इस फिल्म में लता ने गाना गाने के साथ अभिनय भी किया था, जो उनके करियर की शुरुआत थी। इसके अलावा 1945 की फिल्म बड़ी मां के लिए भी लता मंगेशकर ने गाना गाया था। यह फिल्म भी मास्टर विनायक के निर्देशन में बनी थी।

### चाइल्ट आर्टिस्ट के रूप में नंदा ने की थी शुरुआत

मास्टर विनायक की बहुत छोटी सी फिल्मी यात्रा रही, लेकिन उन्होंने अपनी कला और मेहनत से भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में कामयाब रहे। जब उन्होंने बहुत कम उम्र में इस दुनिया से अलविदा कहा, तब उनकी बेटी नंदा को चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम करना पड़ा। बाद में, नंदा ने अभिनय की दुनिया में अपना नाम स्थापित किया और बॉलीवुड में एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के रूप में जानी गईं। फिल्म मंदिर (1948) में नंदा ने लता मंगेशकर के छोटे भाई का किरदार निभाया था।

### बेटी नंदा को देते थे लड़के का किरदार

मास्टर विनायक का नाटकों के प्रति गहरा प्रेम था। वह अपने नाटकों में बड़े जुनून के साथ काम करते थे और अक्सर अपनी बेटी नंदा से कहा करते थे, 'तुम्हें आकर बड़ा नाम करना होगा।' नंदा को वह नाटकों में लड़के का किरदार दिया करते थे, जिस पर नंदा हैरान होकर कहतीं, 'आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? मुझे अभिनय नहीं करना है।' लेकिन, मास्टर विनायक का विश्वास उनके भीतर था कि वह एक दिन अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम हासिल करेंगी।




## जैकेट के शेष

### संस्कृत बोर्ड की ....

शैक्षणिक सत्र में हुए टॉपर्स कांड के खुलासे के बाद किए गए हैं। इस बार संस्कृत विद्यामंडल की परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल की तर्ज पर ही होंगी। नवमी से बारहवीं कक्षा तक की परीक्षा में इस बार 3 हजार 882 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है 19 और 20 मई 2024 को प्रकाशित खबर में हरिभूमि ने टॉपर्स कांड का पर्दाफाश किया था। संस्कृत बोर्ड के अधीन हो रही गड़बड़ियों का खुलासा करते हुए हरिभूमि ने यह बताया था कि किसी तरह से परीक्षा में अनुपस्थित छात्रा को टॉपर बना दिया गया था। टॉपर्स की विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न हैंडराइटिंग मिली थी। उत्तरपुस्तिकाओं में पृथक अंक तथा अंकसूची में पृथक अंक का जिक्र था। इस खुलासे के बाद मेरिट लिस्ट रद्द की गई थी। जांच कमेटी बनाते हुए तत्कालीन सचिव अल्का दानी को उनके पद से हटाया गया था। परीक्षा प्रभारी लक्ष्मण साहू को सस्पेंड किया गया था तथा कंप्यूटर ऑपरेटर और लिपिक को बर्खास्त किया गया था। 4. संभाग स्तर पर जचेंगी कॉपियां: छात्रों की कॉपियां अब संस्कृत विद्यामंडल के स्कूलों में नहीं जांची जाएंगी। इन्हें संभाग स्तर पर केंद्र बनाकर जांचा जाएगा।

**बदलाव इसलिए** : बीते वर्ष उत्तरपुस्तिकाएं जांचे जाने के दौरान गड़बड़ी हुई थी। जो छात्र फेल था, उसे भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक दे दिए गए। मूल्यांकन कार्य संभाग स्तर पर संभागीय संयुक्त संचालक की निगरानी में होने से मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होगा।

**पर्यवेक्षक शासकीय विद्यालयों से** : अब तक संस्कृत स्कूल के प्राचार्य ही संस्कृत विद्यामंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में केंद्राध्यक्ष होते थे। अब माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्राचार्य संस्कृत विद्यामंडल की परीक्षाओं में केंद्राध्यक्ष होंगे।

**बदलाव इसलिए** : बीते वर्ष हुए टॉपर्स कांड में केंद्राध्यक्ष रहे प्राचार्यों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई थी। एक प्राचार्य की रिश्तेदार मोहनमती ने टॉप किया था। जो परीक्षा में अनुपस्थित थी। बाद में टॉपर को ही अनुत्तीर्ण घोषित किया गया।

**मंडल के साथ परीक्षा** : जिन तिथियों में मंडल की परीक्षाएं होंगी, उसी तारीखों में संस्कृत विद्यामंडल भी परीक्षाएं लेगा।

**बदलाव इसलिए** : कई विद्यार्थी दोनों बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो जाते थे। कोई जांच नहीं होती थी। एक ही तिथि में माशिम और संस्कृत बोर्ड की परीक्षा होने पर छात्र किसी एक ही बोर्ड की परीक्षा में बैठ पाएंगे।

### माइग्रेशन अनिवार्य .....

होगा तथा संस्कृत विद्यामंडल की ग्राह्यता भी अनिवार्य होगी।

### चाइनीज मांझे ने बुझा...

आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े तथा एंबुलेंस की व्यवस्था कर बच्चे के उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। पुष्कर दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह दूसरी कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुष्कर की मौत के बाद भी उसकी मां अस्पताल से लौटने को तैयार नहीं है और अपने बेटे के पास रहने की जिद करती रही।

**बच्चे के गले से खून बहता देख बचाने के लिए दौड़े** : संजय नगर मस्जिद के मुतवल्ली सैयद साजिद तथा मोईन चिश्ती के मुताबिक, घटनास्थल के पास ये लोग खड़े थे। इसी दौरान उन्होंने बाइक सवार बच्चे की रोने की आवाज सुनी। रुदन सुन साजिद, मोईन चिश्ती के साथ आसपास के लोग बच्चे की तरफ दौड़े। उन लोगों ने देखा कि बच्चे के गले में मांझा फंसा हुआ है और गले से खून बह रहा है। मोईन चिश्ती तथा साजिद धनेश को ढांढस बंधाते हुए बच्चे को एंबुलेंस में लेकर अस्पताल पहुंचे।

### पिता के साथ गार्डन...

जाने की बात कहने पर पुष्कर रोने लगा। इस दौरान बच्चे के पिता का दिल पसीज गया और धनेश अपने बेटे पुष्कर को बाइक में आगे बैठाकर कटोरा तालाब गार्डन जाने के लिए निकला, इस दौरान यह हादसा हो गया।

### दुर्ग में पकड़ाया युवक ....

रविवार छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद दुर्ग आरपीएफ की जमकर किरकिरी हो रही है। आरपीएफ के अधिकारी अपने बचाव में यही कह रहे हैं कि उन्हे उच्च स्तर से मैसेज आया इसलिए आकाश को पकड़ना पड़ा। बालीवुड एक्टर सैफ अली खान के हमलावर शरीफुल इस्लाम शहजाद उर्फ विजय दास को मुंबई पुलिस ने शनिवार को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर मुंबई पुलिस ने 5 दिन की रिमांड पर लिया है। आरोपी को पकड़ा गया तो वह अपना नाम विजय दास बता रहा था। लेकिन उसके पास भारत में निवास का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। काफी छानबीन के बाद पुलिस को उसके असली नाम शरीफुल इस्लाम शहजाद का पता चला और मुंबई पुलिस को पूरा शक है कि वह बांगलादेश से मुंबई आकर रह रहा था। 30 वर्षीय यह युवक सैफ अली के घर में कैसे घुसा इस पर आरोपी को रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### सुबह न्यूज चैनलों से ....

लड़के को सैफ अली के हमलावर के रूप में पकड़कर प्रचारित किया था। दुर्ग पहुंची मुंबई पुलिस ने उसे सैफ अली का हमलावर नहीं बताया और उसे क्लीनचिट देते हुए मुंबई पुलिस यह कहकर रवाना हो गई कि हम नहीं ले जाएंगे। युवक को जहां जाना है, चला जाए।

### ये गंभीर सवाल ....

का हमलावर है और हमने उसे पकड़ लिया है। बता दें कि आरपीएफ ने ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से आकाश को उतारा था और मीडिया से कहा था कि यही सैफ अली का हमलावर है, जिसे हमने पकड़ लिया है।

## राम-जानकी, लक्ष्मण की मूर्तियां संक्रांति के दिन हुईं थीं चोरी

# तीस करोड़ की मूर्तियां चुराने वाला निकला सपा नेता, गैंग हत्थे चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मिर्जापुर



पुलिस ने 14 जनवरी को कठिनई गांव में प्राचीन मंदिर से चोरी गई सैकड़ों वर्ष पुरानी राम-जानकी व लक्ष्मण जी की अष्टधातु की मूर्तियां कीमत लगभग 30 करोड़ की मूर्तियां बरामद कर ली गई है। साथ ही मंदिर के बाबा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात ये है कि चोरी के इस मामले में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम बहादुर पाल को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सपा नेता ने मंदिर के महंत बंसीदास उर्फ बन्सीबाबा के साथ मिलकर श्रीराम जानकी मंदिर में सैकड़ों वर्ष से स्थापित अष्टधातु की मूर्ति की चोरी की थी।

**पूछताछ में हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

पुलिस ने बताया कि बंशीदास को उम्मीद थी कि गुरु जयरामदास के बाद मठ की गद्दी उसे मिलेगी, लेकिन जब उसे पता चला कि गुरु गद्दी अपने भतीजे को सौंपना चाहते हैं। तभी उसने प्लान बना लिया कि मंदिर की अष्टधातु की बेश कीमती मूर्ति को चोरी कर बेचकर वह कहीं दूर जाकर अपना एक अलग मठ बना लेगा।

**जिसने रपट लिखाई वही निकला चोर**

दरअसल, 13-14 जनवरी की रात मंदिर से श्रीराम, लक्ष्मण और माता जानकी के अष्टधातु की अति प्राचीन मूर्ति चोरी हो गई। जिसकी जानकारी सुबह होते ही गांव में हड़कंप मच गया। इस संदर्भ में मंदिर के पुजारी बंशीधर गुरु महामंडलेश्वर जय रामदास महाराज ने थाने में तहरीर दी थी।

**मुखबिर की सूचना पर दबोचे गए आरोपी**

पुलिस की जांच शुरु होते ही मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पड़री थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईमाई मंदिर के पास से बोलेरो सवार चार लोगों को संदिग्ध परिस्थितियों में देख दबोच लिया। जिसमें सवार लोगों की पहचान कराई गई तो मंदिर के पुजारी बंशीदास, जिन्होंने इस चोरी के प्रकरण की तहरीर दी थी, साथ ही लवकुश पाल, मुकेश कुमार सोनी और राम बहादुर पाल के रुप में पहचान हुई।

**वाहन के अंदर से मिली तीनों मूर्तियां**

आरोपियों के कब्जे से बोलेरो के अंदर से चोरी की गई मूर्ति, कपड़ा श्रृंगार सामाग्री सहित श्री राम, जानकी माता और लक्ष्मण की प्रतिमा बरामद हुई। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तकरीबन 30 करोड़ आंकी गई है। पुलिस टीम ने चोरी की इस घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को भी बरामद कर लिया है।

**चोर पुजारी ने गनर को किया इधर-उधर**

बाबा बंशीधर उर्फ बृजमोहन दास को महाकुंभ मेला 2025 के तहत सुरक्षा की दृष्टि से गनर दिए गए हैं। आश्चर्य की बात है कि बाबा ने करोड़ों की मूर्ति चोरी को अंजाम देने के लिए गनर को इधर-उधर कर चोरी की इस वारदात को अंजाम दे डाला।

## पेज एक के शेष

### हाउसिंग बोर्ड के...

से अधिक समय से लगभग 3445 मकान, आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति का विक्रय नहीं हो सका है। इसका एकमुश्त निपटान के लिए लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 से 30 फीसदी प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। हाउसिंग बोर्ड के ये मकान 19 जिलों में हैं। बोर्ड द्वारा रमन सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान बनाए गए इन आवासों और व्यावसायिक संपत्तियों की कीमत 506 करोड़ रुपए से अधिक है। इन आवासीय संपत्तियों में डब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी आवास शामिल हैं। बताया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड के मकानों की निर्माण की गुणवत्ता के कारण अधिकतर लोग इसे खरीदने से पीछे हट जाते हैं। शहर से दूर आउटर इलाकों में बने मकानों को लोग पहुंच के साधन और अन्य कारणों से नहीं खरीदते।

**पहले भी छूट देकर बेचने का किया प्रयास** : उल्लेखनीय है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित 29051 मकानों में से 25603 मकानों को बिक्री के बाद 3445 मकान बिक नहीं पाए। हाउसिंग बोर्ड की ओर से इन मकानों को बेचने कई प्रयास किए गए। इसके तहत प्रचार-प्रसार के अलावा भवनों की बिक्री मूल्य में छूट प्रदान कर बिक्री का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं बिके। भाजपा सरकार ने फिर से बेस प्राइज में 10, 20 और 30 प्रतिशत छूट देकर इन्हें बेचने का निर्णय लिया है।

### फरवरी में 800 रुपए की...

माध्यम से निराकरण किया जाएगा। एक और महत्वपूर्ण निर्णय रेडी टू ईट के संदर्भ में लिया गया। इसे फिर महिला समूहों के हवाले करने का फैसला किया गया है। राज्य सरकार द्वारा धान के मूल्य की अंतर राशि दिए जाने से धान बेचने वाले 27 लाख से अधिक किसानों को प्रति क्विंटल 800 रुपए के हिसाब से राशि मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले राज्य के लगभग 27 लाख किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। इस साल किसानों से केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिसका भुगतान किसानों को किया जा रहा है तथा प्रति क्विंटल अंतर की राशि 800 रुपए छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आदान सहायता के रूप में एकमुश्त फरवरी 2025 में प्रदान करेगी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है।

**अभावग्रस्त लेखकों, कलाकारों को दोगुनी सहायता** : कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में किए गए घोषणा के अनुपालन में राज्य के कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अर्थाभावग्रस्त लेखकों और कलाकारों एवं उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ कलाकार कोष नियम 1982 में संशोधन कर राज्य के कलाकारों को 25 हजार रुपए के स्थान पर अब अधिकतम 50 हजार रुपए की सहायता एवं मृत्यु होने पर 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। **छात्र स्किलिंग प्रोग्राम के लिए करेंगे एमओयू** : छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को वित्तीय बाजारों, निवेश के साधनों एवं वित्तीय नियोजन के क्षेत्र में उपयुक्त कौशल तथा आवश्यक ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्र स्किलिंग प्रोग्राम (एसएसपी) के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया है।

**नवा रायपुर में सत्य साईं और आर्ट ऑफ लिविंग को जमीन** : नवा रायपुर अटलनगर में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रयोजन के लिए श्री सत्य साईं हेल्थ एवं एजुकेशन ट्रस्ट को अतिरिक्त 5 एकड़ भूमि निशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ विशेष क्षेत्र (अचल संपत्ति का व्ययन) नियम, 2008 के तहत नवा रायपुर अटलनगर में आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना के लिए 40 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित की जाएगी। नवा रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण की नवा रायपुर आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2017 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत एक लाख 32 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कुल अनुदान राशि 3938.80 करोड़ है, जिसमें अनिवार्य राज्यांश 1450 करोड़ रुपए एवं अतिरिक्त राज्यांश 538 करोड़, जो कि मकान पूर्ण करने अथवा गृहप्रवेश पर दिया जाएगा, का अनुमोदन किया गया।

### स्टील उद्योग को...

लेते हुए विशेष राहत पैकेज अंतर्गत ऊर्जा प्रभार में 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक अधिकतम एक रुपए प्रति यूनिट छूट देने का निर्णय लिया गया।

### महाकुंभ में भीषण...

घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मौके का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की

### फोर्स की गोलियों से...

बताया कि पेड़ के नीचे नक्सलियों की खोज खबर के लिए जवान चप्पे चप्पे में सर्च अभियान चला रहे थे। तब इस दौरान ऐसा लगा मानो मौत सामने खड़ी थी। मौत का दीदार होने से उसे अपनी प्रेमिका काजल से बिछड़ने का एहसास होने लगा था। मौत को चौबीस घंटे तक करीब से देखने के बाद उसका हौसला इस कदर टूट गया कि उसने उसी दिन आत्म समर्पण करने का दृढ़ संकल्प ले लिया।

### छत्तीसगढ़ में पांच...

वाहन बिके हैं। ये झारखंड और असम से ज्यादा है और राजधानी दिल्ली और पंजाब के करीब है। वैसे देश में करीब एक दर्जन ऐसे राज्य हैं जिनसे छत्तीसगढ़ में वाहनों की बिक्री पांच साल में ज्यादा हुई है। छत्तीसगढ़ ने बीते साल वाहन बिक्री के मामले में इतिहास रच दिया। अपने राज्य ने बिक्री की ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि जनवरी से नवंबर तक देश में सबसे ज्यादा 18.57 फीसदी की ग्रोथ के साथ छत्तीसगढ़ नंबर वन हो गया है। इसके बाद दिसंबर में जरूर वाहन कुछ कम बिके हैं। लेकिन साल के 12 माह में सितंबर और दिसंबर को छोड़कर बाकी दस माह वाहनों की बहुत बिक्री हुई है।

**कई राज्यों से आगे** : छत्तीसगढ़ वाहन बिक्री के मामले में कई राज्यों से आगे है। सबसे ज्यादा वाहनों कि बिक्री उप्र और महाराष्ट्र में होती है। इन राज्यों में पांच साल में एक करोड़ से ज्यादा वाह बिके हैं। इसके बाद कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार ऐसे राज्य हैं जहां पर पांच साल में पचास लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं। 50 लाख से कम और 25 लाख से ज्यादा वाहन जिन राज्यों में बिके हैं, उनमें छत्तीसगढ़, झारखंड, असम से जहां आगे हैं, वहीं पंजाब और दिल्ली के करीब है। इसी के साथ एक दर्जन से ज्यादा राज्यों से आगे है।

### ऐसे बढ़ता गया...

काल का साल था, इसलिए वाहनों की बिक्री कुछ कम हुई। लेकिन इसके बाद 2022 में पहली बार आंकड़ा पांच लाख के पार गया और इस साल 501194 वाहन बिके। 2023 में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और इस साल 564443 वाहन बिके। पहली बार बीते साल 2024 में करीब सात लाख वाहन बिके हैं। जनवरी से नवंबर तक ही 669285 वाहन बिके। अभी दिसंबर का आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन इस माह करीब 40 हजार वाहन बिकने का अनुमान है। ऐसे में आंकड़ा सात लाख से ज्यादा हो जाएगा।

# केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला, भाजपा बोली कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ाई

## काले झंडे लिए लोग गाड़ी के पास पहुंचे, नौकरी को लेकर किया सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर हमला होने का दावा किया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। इसमें कुछ लोग काले झंडे दिखाते हुए केजरीवाल की गाड़ी के बेहद करीब पहुंच गए और पत्थरबाजी करने लग गए। दरअसल, केजरीवाल नई दिल्ली क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते समय केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया। चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें।

केजरीवाल इस कायराना हमले से डरने वाले नहीं हैं। दिल्ली की जनता इसका करारा जवाब देगी। दिल्ली के सभी सफाई कर्मचारियों और अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा वादा किया है।

**युवकों के सवाल पर भड़के केजरीवाल**



वहीं भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल पर पार्टी कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया है। प्रवेश ने कहा कि जब भाजपा कार्यकर्ता सवाल पूछ रहे थे, तब केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से तीन युवकों को टक्कर मार दी। केजरीवाल हार सामने देखकर वह लोगों की जान की कीमत भूल गए। तीनों भाजपा कार्यकर्ताओं के पैरों में चोट आई है जिन्हें अस्पताल भेजा गया।

**दस साल किया राज, जनता सवाल तो पूछेगी : मनोज**

अरविंद केजरीवाल पर ईंट पत्थरों से हमला किए जाने के पार्टी के दावों के बीच बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 10 साल तक राज किया और दिल्ली की जनता ने उनसे सवाल पूछे तो वह आक्रामक हो गए। उन्होंने कहा, कल यही हुआ। कल जब लोगों ने उनसे सवाल पूछे तो जवाब देने के बजाय उन्होंने उन पर अपनी कार चढ़ाने की कोशिश की।

## बॉम्बे हाईकोर्ट नागपुर बेंच ने युवक को किया बरी

# शादी से मना करना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं

एजेंसी ▶▶| नागपुर



बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर स्थित बेंच ने महिला को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा- सिर्फ इसलिए कि पुरुष ने रिलेशनशिप को खत्म कर दिया और फिर महिला ने सुसाइड कर लिया तो शख्स पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के ने ऐसे ही मामले में 26 वर्षीय युवक को बरी किया। उस पर एक महिला को सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। जिसके साथ वह 9 साल से रिलेशनशिप में था। उसने इस मामले में बुलढाणा जिले के खामगांव सेशन कोर्ट के बरी नहीं करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

जज ने कहा- जांच में कहीं भी ये नहीं है कि शख्स ने मृतक महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाया था। सबूतों से पता लगा है कि ब्रेकअप के बाद भी दोनों के बीच बातचीत जारी थी। अगर शख्स ने उससे शादी करने से मना कर दिया था तो यह महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाने या उसके बराबर नहीं होगा।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

क्र./4926/ न.पा.नि./ लो.नि.वि./2025 जगदलपुर दिनांक 17.01.2025

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा विभिन्न योजना के तहत स्वीकृति कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र **"A"** में, दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 07/02/2025 को सांय 02.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें 07/02/2025 को प्रातः 04.30 बजे खोले जावेगें। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 30/01/2025 को सांय 02.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 30/01/2025 को कार्यालय से 05.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी /प्राप्त की जा सकेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 47, 05वीं बटालियन छ.ग. बल जगदलपुर में आरक्षक चुरामणी ठाकुर के क्वार्टर से आदेश्वर साहू के क्वार्टर तक 100 मी. सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 04.00 | 4000.00 |
| 2 | महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 47, 05वीं बटालियन छ.ग. बल जगदलपुर में आरक्षक सुदर्शन साहू के क्वार्टर से आरक्षक अजय सेठिया के क्वार्टर तक 150 मी. सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 06.00 | 6000.00 |
| 3 | दलपत सागर वार्ड क्र. 18 जगदलपुर में पाण्डेय घरसे शिव मंदिर तक 179 मी. सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 07.84 | 8000.00 |

"नगरपालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें"

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: SNTPBBS-012025-IPEXCHANGE, दिनांक: 13.01.2025

**कार्य का नामः** पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड, सम्बलपुर और वाल्टियर मंडल में एस्टरिस्क सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म पर मौजूदा टीडीएम एक्सचेंज को आईपी सर्वर से प्रतिस्थापित करना और सुरेमनपुर ट्रंक में स्थानांतरण करना।

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹15,75,35,193/-

ईएमडी: ₹9,37,700/-, पूर्णता अवधि: 12 (बारह) माह

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 04.02.2025 को 1030 बजे

इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

उपरोक्त ई-निविदा के लिए ई-निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी **वेबसाइट www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**नोट:** भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के **15** दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। **वेबसाइट: www.ireps.gov.in**

सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (पी-1), भुवनेश्वर

PR-125/CH/24-25

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# राहुल संभालेंगे चुनावी कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव के लिए गणतंत्र दिवस के बाद खुद राहुल गाँधी घर घर कांग्रेस के लिए वोट मांगते नजर आयेंगे। राहुल गाँधी के साथ सचिन पायलट, कुमारी सेलजा, दीपेंद्र हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, कन्हैया कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह, रंजीत रंजन सहित आधा दर्जन नेता रहेंगे। झुग्गी झोपड़ी के वोटरों से मिलने, रिझाने के लिए अलग से योजना बनाई गई है।

## बिहार में जाति सर्वेक्षण को बताया 'फर्जी'

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राज्य में नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण को 'फर्जी' बताने के लिए निशाना साधा। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार के दौरे पर आए राहुल गांधी ने शनिवार को देश भर में जाति जनगणना कराने का संकल्प लिया और कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि "यह कवायद बिहार में 2022-23 में की गई जाति सर्वेक्षण की तरह फर्जी न हो... इसका उद्देश्य लोगों को मूर्ख बनाना न हो। बता दें कि इस कानून को पटना उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था और सरकार ने इस आदेश को उच्चम न्यायालय में चुनौती दी है।

**MUNICIPAL COUNCIL, SAKTI**
**E-Procurement Tender Notice (second call)**

NIT NO/464/PWD/NPP/2025 SAKTI, dated 17/01/2025

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to 4.02.2025. at 17.30 Hours

| SYSTEM TENDER NO: | Description | EMD/DD | Amount lakhs |
|---|---|---|---|
| 164634 | EPC, testing, commissioning, trial run for 3 Months after it 9 months Operation & Maintenance including replacement & warranty of all components of 1 Nos STPs of Capacitiy 4 0 MLD with SBR technology including designing, P/L/L/J of RCC NP3 pipes interceptor sewer of Length 74m (400-700 mm Dia), Sewage Collection Chambers of 15000 Liter Capacity, Pumping Station with Screen Chamber, Disposal line of length 100 m (700 mm Dia), and DI K-9 Pumping main of Length 50 m (350 mm Dia) Total length 974 m with all allied components complete on TURN KEY JOB basis. | EMD Rs-310836.00 | 621.67 |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 18.01.2025 at 17:30 Hours. (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SAKTI

**कार्यालय नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone&Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/2031/न.पं./निविदा/लोनिवि/2024-25 भखारा, दिनांक 17/01/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-


1. निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि/समय :- 04.02.2025 शाम 5:30 बजे
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि/समय :- 05.02.2025 शाम 5:30 बजे
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय :- 10.02.2025 दोप. 3:00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि/समय :- 10.02.2025 शाम 4:00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | प्रपत्र | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य विश्वकर्मा सामुदायिक भवन से पूरन साहू घर होते हुए यादव सामुदायिक भवन तक वार्ड क्र. 02 | 11.38 | 8600/- | 750/- | "A" | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-भखारा

## शब्द पहेली - 5753



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5752 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |

## सूडोकु नवताल - 5764

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5763 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## खबर संक्षेप

### एसबीआई लाइफ के मुनाफे में 17 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 322 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई द्वारा जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है।

### टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ 89 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 989 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 524 करोड़ रुपये रहा था। 1.4 प्रतिशत बढ़कर 13,286 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर हुआ 29 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 582.32 करोड़ रुपये रहा। कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 2,592 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्तवर्ष 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,003.64 करोड़ रुपये थी।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ 295 करोड़ रुपए पर स्थिर




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी 295 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### आयात शुल्क में कटौती से तेल-तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों का भाव टूटने तथा देश में आयात शुल्क मूल्य घटाये जाने के कारण बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेल-तिलहनों के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के दाम हानि दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में इंफोसिस व टीसीएस को बड़ा नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा।

# देश की पहली सोलर कार 'वेव मोबिलिटी' लांच, सिर्फ 80 पैसे में दौड़ेगी एक किमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की कार इंडस्ट्री में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां इलेक्ट्रिक कारों में इनोवेशन देखने को मिल रहा है। तो अब भारतीय बाजार में सोलर कार की एंट्री हो चुकी है। दरअसल, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 इवेंट में पुणे बेस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टार्ट-अप कंपनी वेव मोबिलिटी ने देश की पहली सोलर पावर्ड कार 'वेव इवा' को लांच कर दिया। तीन मीटर से भी छोटी इस इलेक्ट्रिक कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत सिर्फ 3.25 लाख रुपए है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज पर 250 किमी तक दौड़ जाएगी। बात करें 'वेव इवा' सोलर कार के डिजाइन की तो इसमें इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी चलने का खर्च सिर्फ 80 पैसे है।

■ कार सिंगल चार्ज पर 250 किलोमीटर तक दौड़ेगी

## तीन मीटर से छोटी इस सोलर ईवी कार की शुरुआती कीमत 3.25 लाख रुपए

### 45 मिनिट में फुल चार्ज हो जाएगी

कार में 18केडबल्यूऐच का लीथियम-ऑयन बैटरी पैक दिया है। इसमें लिक्विड कूल्ड इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल किया गया है जो 12केडब्ल्यू का पावर और 40 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज में 250 किमी तक का ड्राइविंग रेंज देती है। इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी तक जाने का खर्च 80 पैसे है। ये 5 सेकेंड में ही 0 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। वहीं, इसे फुल चार्ज होने में सिर्फ 45 मिनिट का वक्त लगेगा।




### एपल-एंड्रॉयड वाला सिस्टम मिलेगा

कार के अंदर इसमें एसी के साथ एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी सिस्टम दिया गया है। इसकी लंबाई 3060 एमएम, चौड़ाई 1150 एमएम, उंचाई 159 एमएम और 170 एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इस कार के फ्रंट में इंडिपेंडेंट कोल स्प्रिंग सस्पेंशन और पीछे की तरफ डुअल शॉक सस्पेंशन दिया गया है। इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर व्हील में ड्रम ब्रेक्स मिलते हैं। इलेक्ट्रिक पावर स्टीयरिंग से लैस इस कार का टर्निंग रेडियस 3.9 मीटर है। रियर व्हील ड्राइव वाली इस कार की टॉप स्पीड 70 किमी है।

### फ्रंट में सिंगल सीट

कंपनी का ये भी दावा है कि ये देश की पहली सोलर पॉवर्ड इलेक्ट्रिक कार है। इसके फ्रंट में सिंगल सीट और रियर में थोड़ी चौड़ी सीट दी है। जिस पर एक एडल्ट के साथ बच्चा बैठ पाएगा। इसकी ड्राइविंग सीट को 6 तरह से एडजेस्ट किया जा सकता है। इसके अलावा कार में पैनरोमिक सनरूफ दिया गया है। इसमें रिवर्स पार्किंग कैमरा भी दिया है।

## डेलॉयट इंडिया के विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

# विनिर्माण को प्रोत्साहन के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क घटाए सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सरकार को स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए आगामी बजट में चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (इनपुट) पर सीमा शुल्क में कटौती करनी चाहिए। कर विशेषज्ञों ने यह सुझाव दिया है।*

डेलॉयट इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) हरप्रीत सिंह ने कहा कि एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले 2025-26 के बजट से सीमा शुल्क पक्ष की प्रमुख मांगें दरों को युक्तिसंगत बनाने, व्यवस्था को सरल करने और मुकदमेबाजी और विवाद प्रबंधन की होंगी।

सिंह ने कहा, ''चरणबद्ध विनिर्माण योजना की तर्ज पर हम इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, स्वास्थ्य सेवा उत्पादों और फार्मास्युटिकल्स में कच्चे माल में कुछ शुल्क कटौती की उम्मीद करते हैं। ये ऐसे उद्योग हैं जहां सरकार विनिर्माण के मामले में प्रोत्साहन देना चाहती है।''

### जुलाई 2024 के बजट में युक्तिकरण पर कहा गया था

जुलाई, 2024 में पेश बजट में घोषित प्रस्तावित सीमा शुल्क युक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में करों को तर्कसंगत किया जा सकता है उनमें स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, रेफ्रिजरेटर, एसी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, जूते और खिलौने शामिल हैं।



### अलग-अलग स्लैब आ सकते हैं

प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के प्रबंध निदेशक अनुराग सहगल ने कहा, ''सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए अलग-अलग स्लैब ला सकती है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वह मूल्य श्रृंखला में कहां स्थित है। वस्तुओं को मूल्य वर्धित/प्राथमिक और कच्चे माल/मध्यवर्ती के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, और उसी के अनुरूप स्लैब तय किए जा सकते हैं।''

### स्लैब को घटाकर चार या पांच किया जाए

वर्गीकरण विवादों को कम करने के लिए, बजट ने सीमा शुल्क दरों की समीक्षा की घोषणा की थी। वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं, और सरकार दर स्लैब की संख्या को घटाकर चार या पांच करने पर विचार कर रही है।

- ■ सरकार दरों को युक्तिसंगत बनाए
- ■ स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण, फ्रिज, जूते पर कर तर्क संगत करे
- ■ वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं

### ढांचे को सरल करने की मांग उठी

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कार्यकारी निदेशक-अप्रत्यक्ष कर शिवकुमार रामजी ने कहा कि दरों की बहुलता को कम करने के लिए सीमा शुल्क ढांचे को सरल करने की मांग उठ रही है। इसके अलावा उलट शुल्क ढांचे को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। इसके साथ ही, स्पष्टीकरण और दरों को सुसंगत कर वर्गीकरण विवादों को कम करने की जरूरत है।

### सीमा शुल्क विवादों में 50 हजार करोड़ फंसे

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार मनोज मिश्रा ने कहा कि सीमा शुल्क विवादों में करीब 50,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं और माफी योजना से विवाद निपटाने में मदद मिलेगी।

# विप्रो अगले वित्त वर्ष में करेगी 12,000 छात्रों की नियुक्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की चौथी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो को अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000-12,000 छात्रों की भर्ती की उम्मीद है। विप्रो ने शुक्रवार को अपने दिसंबर तिमाही के आंकड़ों की घोषणा की।

कंपनी ने अमेरिका में एच-1बी वीजा व्यवस्था में होने वाले बदलावों के बारे में किसी भी चिंता को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उसके कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में स्थानीय है। विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कंपनी के तिमाही आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा, ''हम बड़ी संख्या में लोगों को नियुक्त कर रहे हैं... जो अमेरिका में स्थानीय हैं और आज अमेरिका में हमारे कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्थानीय है... हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है, इसलिए हम जब भी आवश्यकता होगी लोगों को स्थानांतरित कर सकते हैं... यदि मांग बढ़ती है, तो आपूर्ति पक्ष हमारे लिए बाधा नहीं बनेगा।'' विप्रो के कर्मचारियों की संख्या में चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही में 1,157 की कमी आई। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 2,32,732 रही, जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 2,33,889 और वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में 2,39,655 थी।

■ कंपनी के अधिकांश कर्मचारी अमेरिका में स्थानीय

■ हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है

### कंपनी हर तिमाही में 3000 फ्रेशर करेगी शामिल

गोविल ने कहा कि कंपनी ने अपने सभी लंबित प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। कंपनी हर तिमाही में 2,500-3,000 'फ्रेशर्स' को शामिल करना जारी रखेगी। इसका मतलब है कि हर वित्त वर्ष में 10,000-12,000 'फ्रेशर्स' को शामिल किया जाएगा।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करना मुश्किल : भारतपे सीईओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में 90 घंटे के कार्य सप्ताह को लेकर चल रही बहस के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा है कि जब कार्यस्थल पर कर्मचारियों के परिणामों और उत्पादकता को मापने की बात आती है तो गुणवत्ता अधिक मायने रखती है, न कि लंबे समय तक काम करना।

■ गुणवत्ता रखती है अधिक मायने

■ हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते

नेगी ने इस बात पर जोर दिया कि भारतपे में हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कॉरपोरेट भारत में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इससे पहले, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने रविवार को कर्मचारियों से काम न करा पाने पर खेद व्यक्त किया था। नेगी ने कहा कि काम की गुणवत्ता 'सबसे पहले' है, न कि घंटों की संख्या। नेगी ने कहा, ''90 घंटे काम करना काफी कठिन होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह गुणवत्ता के बारे में है... गुणवत्ता मायने रखती है। भारतपे के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कार्य और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन को लेकर बहस हमेशा से होती रही है और एक युवा संगठन के रूप में भारतपे का लक्ष्य एक आरामदायक और सक्षम वातावरण प्रदान करना है, जहां कर्मचारी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

### कई उद्योगपति नाराजगी जता चुके

एलएंडटी के चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भी इसपर अपनी राय जताई है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने इसको लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, ''मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करने में विश्वास करता हूं।

## अदाणी एनर्जी के पास ऑर्डर बढ़कर 54,700 करोड़ रुपए ...




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी बिजली पारेषण और वितरण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल की हैं। इसके साथ ही कंपनी की ऑर्डर बुक बढ़कर 54,700 करोड़ रुपये हो गई है। यह चालू वित्त वर्ष (2024-25) की शुरुआत में मिले ऑर्डर से तीन गुना से भी अधिक है। निवेश बैंकिंग कंपनी जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि अदाणी एनर्जी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में, राजस्थान में अक्षय ऊर्जा पार्क से संबंधित 28,455 करोड़ रुपये की दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल कीं। इनमें 25,000 करोड़ रुपये की भादला-फतेहपुर एचवीडीसी परियोजना शामिल है, जो एईएसएल का अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इन ऑर्डर ने टीबीसीबी (शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली) में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी को दूसरी तिमाही के 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 24 प्रतिशत कर दिया है।

# सेम्बकॉर्प ओडिशा में हरित हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी

■ अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




ओडिशा में हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा स्थापित करने की संभावना तलाशने के मकसद से सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज ने प्रदेश सरकार के साथ दो गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सेम्बकॉर्प की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों- सेम्बकॉर्प ग्रीन हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसजीएचआईपीएल) और सेम्बकॉर्प डेवलपमेंट लिमिटेड ने सिंगापुर के परिवहन मंत्री और दूसरे वित्तमंत्री ची होंग टाट और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। बयान में कहा गया है, ओडिशा औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित एमओयू के तहत, एसजीएचआईपीएल हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के लिए एक उत्पादन सुविधा के विकास की संभावना तलाशेगी, जिसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी।

# कंपनियों के नतीजे, ट्रंप की घोषणाओं से चलेगा बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है।



■ एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के आएंगे नतीजे

### बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

# हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला को जबरदस्त रिस्पांस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट हर्षित गोल्ड सिटी में लगे प्लॉट मेला में ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पांस रहा। तीन दिन में 60 प्लॉट की आनस्पाट बिक्री हुई। रविवार होने की वजह से हर्षित गोल्ड सिटी में सुबह से ग्राहकों की आवाजाही होती रही। पहले दिन 25 प्लॉट की बुकिंग हाथोंहाथ पूरी हुई। हर्षित गोल्ड सिटी को लेकर ग्राहकों का उत्साह हर दिन बढ़ता रहा। दूसरे दिन 28 प्लॉट की बुकिंग पूरी हुई। प्लाट मेला के तीसरे व अंतिम दिन में 19 जनवरी तक कुल 60 प्लॉट पूर्ण कर सिंघानिया बिल्डकॉन ने नए साल का रिकार्ड ब्रेक कर दिया। विधानसभा रोड, नरदहा के पास स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में प्लाट मेला में निवेशकों को आकर्षक स्कीम के तहत कई प्रकार की सुविधाएं सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से दी जा रही हैं। जिनमें बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड,मंदिर, क्लब और मनोरंजन केंद्र, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट, वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर जिम, इनडोर जिम कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल सहित मेट्रो सिटी के अनुरूप अन्य सभी सुविधाएं दी गई हैं।

■ तीन दिन में 60 प्लॉट की बिक्री



## कनाडा के एक पोर्टल ने अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला दिया

# हिंडनबर्ग के नेट एंडरसन सवालों के घेरे में आए

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

लगभग आठ साल पुरानी अपनी शोध-निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने की घोषणा करने वाले नेट एंडरसन कर्मचारियों को लक्षित करके रिपोर्ट तैयार करने में 'हेज फंड्स' के साथ कथित संबंधों के लिए सवालों के घेरे में हैं। कनाडा के एक पोर्टल ने ओन्टारियो की एक अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। हेज फंड ऐसी इकाई है, जो बड़े निवेशकों से राशि प्राप्त कर लाभ कमाने के लिए प्रतिभूतियों समेत विभिन्न मदों में निवेश करती है।

■ हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी

*एन्सन के कासम ने कहा शोध विभिन्न स्त्रोतो से साझा की :* *एक जटिल मानहानि मुकदमे में ओन्टारियो सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस में दायर दस्तावेजों के एक संग्रह में कनाडा के एन्सन 'हेज फंड' के प्रमुख मोएज कासम ने कहा कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग के नैट एंडरसन सहित 'विभिन्न स्रोतों के साथ' शोध साझा किया है।*




*कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर खुले बाजार में बेचते थे : जहां निवेश कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर उसे खुले बाजार में बेचते हैं,।*

*भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार की : पोर्टल 'मार्केट फ्रॉड' ने कहा कि अदालती दस्तावेजों से कथित तौर पर पता चला है कि हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी। भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार करने पर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया जा सकता है।*

### एंडरसन वास्तव में एन्सन फंडस के लिए काम कर रहा था

हालांकि, एन्सन और कासम से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, तथा एंडरसन को भेजी गई ईमेल का भी कोई उत्तर नहीं मिला। वेबसाइट ने दावा किया, ''एंडरसन और एन्सन फंड्स के बीच ईमेल वार्तालापों से हम इस तथ्य को जानते हैं कि वह वास्तव में एन्सन के लिए काम कर रहा था और उन्होंने जो कुछ भी उससे कहा, उसे प्रकाशित कर दिया, लक्ष्य मूल्य से लेकर रिपोर्ट में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए तक।

### संवादों के स्क्रीनशॉट साझा

मार्केट फ्रॉड्स ने अपने आरोप के समर्थन में हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच कुछ ईमेल संवादों के स्क्रीनशॉट भी साझा किए हैं, जिनके बारे में उसका दावा है कि उसे ये संवाद ओन्टारियो न्यायालय में उपलब्ध दस्तावेजों के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

### एन्सन व एंडरसन के खिलाफ कई मामले

इसमें कहा गया है, एन्सन फंड्स और नैट एंडरसन दोनों के खिलाफ प्रतिभूति धोखाधड़ी के कई मामले हैं, तथा खबर लिखने के समय तक हमने केवल पांच प्रतिशत मामले की ही जांच की है। अब तक हमने जो पढ़ा है, उसके अनुसार यह लगभग निश्चित है कि जब हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच का पूरा लेन-देन एसईसी तक पहुंचेगा।


**खबर संक्षेप**

## रिस्पांस टाइम में घटनास्थल नहीं पहुंचे, हटाए गए मस्तूरी टीआई

**बिलासपुर।** एसपी ने रिस्पांस टाइम में घटनास्थल पर नहीं पहुंचने पर मस्तूरी टीआई को हटाकर यातायात थाना भेज दिया है। इसी तरह दो थानेदार व एएसआई को इधर उधर किए गए हैं। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले छेरछेरा के दिन गतौरा का एक युवक लापता हो गया था। दूसरे दिन सुबह उसकी गांव में लाश मिली थी। सिर में चोट के निशान होने से परिजन व गांव वाले हत्या का संदेह जाहिर करते हुए जांच की मांग कर रहे थे। परिजन ने देर रात तक पुलिस को शव उठाने नहीं दिया था। देर रात तक मस्तूरी थानेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे। उसके बाद दो दिन पहले गतौरा सथित कालेवाशरी में करंट की चपेट में आकर ट्रेलर का ड्राइवर व हेल्पर झुलस गए थे। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। मस्तूरी टीआई सईद अख्तर को हादसे की जानकारी तक नहीं थी और न पुलिस मौके पर गई थी। लगातार मामला होने से रिस्पांस टाइम में घटनास्थल नहीं पहुंचने पर टीआई सईद अख्तर को हटाकर वापस यातायात थाना भेज दिया गया है।

**निधन**

## डॉ शलभ तिवारी



**बिलासपुर।** मसानगंज बिलासपुर के प्रतिष्ठित नागरिक डॉ शलभ तिवारी,पिता स्व रामआसरे तिवारी का निधन नागपुर में हो गया, अपने पीछे वे पत्नी श्रीमती कविता तिवारी,पुत्र सम्राट,विराट तिवारी समेत भरपूर परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार नागपुर में 21 जनवरी को होगा। स्व डॉ शलभ तिवारी रायपुर, डोंगरगढ़, अभनपुर, बलौदा शासकीय कॉलेजों में प्रिंसिपल रहे। वह पत्रकार अभिताभ तिवारी के बड़े भाई थे।

### कार्रवाई : आरोपियों के घर-बाड़ी से सागौन का लट्ठा, चिरान एवं फर्नीचर बरामद

# सागौन की तस्करी करते 6 तस्कर गिरफ्तार आरोपियों ने कार्रवाई से बचने पैरा में छुपाया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

- साइबर सेल एवं केशकाल वनमंडल के वन अमले ने किया सहयोग

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम एवं नवरंगपुर ओड़िसा वनमंडल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध तरीके से जंगल की किमती लकड़ी से फर्नीचर बनाकर बेचने और किमती लकड़ी के बड़ी मात्रा में जाखीरा को बरामद किया है। वहीं 6 सागौन तस्करों को धर दबोचा है।

वन विभाग ने बताया कि एंटी पोचिंग टीम को मिली सूचना के आधार पर 16 जनवरी को उड़ीसा राज्य के ग्राम सोनपुर में तहसीलदार रायघर, एसीएफ रायघर, वन परिक्षेत्र अधिकारी रायघर की उपस्थिति में सुसेन कुमार शाह, राजा कल्लु, कृष्णा हलधर, पोषण मंडल गौर मंडल व सुमेन्द्र विश्वास के नाम पर सर्च वारंट जारी कर उनके घर-बाड़ी का तलाशी लिया गया। इन सभी के घर-बाड़ी से सागौन का लठ्ठा, सागौन चिरान एवं अधूरे सागौन की बनी फर्नीचर, सागौन की फारा बरामद किया गया। जिसे 8 पिकअप एवं 03 ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन कर परिक्षेत्र कार्यालय रायघर ले जाया गया।

**एंटी पोचिंग और वन विभाग ने की कार्रवाई**







**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

पूछताछ में आरोपियों द्वारा ओडिशा के राजस्व क्षेत्रों एवं छत्तीसगढ़ से काष्ठ प्राप्त करना बताया। जिसकी जांच की जा रही है एवं अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इसी तारतम्य में एक अन्य आरोपी सेबन निवासी संबलपुर को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव एन्टीपोचिंग टीम नोडल गोपाल कश्यप और परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल, डीएन सोनी, प्रतिभा मेश्राम, चन्द्रबली ध्रुव सुशिल सागर, राकेश परिहार एवं स्टॉफ उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ एवं नवरंगपुर वनमंडल (उड़ीसा) के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## गांजा बेचने के संदेह पर सिपाहियों ने पकड़कर पीटा, डर से युवक ने छत से लगाई छलांग

**बिलासपुर।** गांजा बेचने के संदेह में सीपत थाने की पेट्रोलिंग पार्टी के 4- 5 आरक्षकों ने एक युवक को पकड़कर पिटाई कर दी। किसी तरह वह पुलिसकर्मियों के चंगुल से छूटकर युवक एक मकान में घुस गया। आरक्षकों के दौड़ाने पर युवक ने छत से नीचे नाली में छलांग लगा दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। आनन फानन में पुलिसकर्मियों ने घायल युवक को सीपत के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है।

सूत्रों के मुताबिक, सीपत क्षेत्र के ग्राम भिल्मी निवासी संदीप वर्मा छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर ग्राम जाली आया हुआ था। संदीप वर्मा के द्वारा गांजा बेचने के संदेह पर रविवार की शाम 5 बजे सीपत थाना की पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक प्रकाश जगत, मूरित बघेल, सुभाष मरावी ने अन्य दो सिपाहियों के साथ जाली में दबिश देकर संदीप को पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। किसी तरह संदीप पुलिसकर्मियों के चंगुल से छूटकर रिश्तेदार के मकान में घुस गया। पुलिसकर्मियों के द्वारा पीछा करने पर वह मकान की छत में चला गया। पुलिसकर्मियों के छत में पहुंचने से उनके डर से उसने नीचे नाली में छलांग लगा दी। सिर में चोट आने से वह बेहोश हो गया। जिससे पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। आनन फानन में पुलिसकर्मियों ने उसे गंभीर अवस्था में सीपत के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है।

# गौमांस बिक्री की सूचना से बजरंग दल का हंगामा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

- कथित खरीददार युवक ने की खुदकुशी, बजरंग दल ने किया प्रदर्शन





फरीद नगर में गौमांस बिक्री को लेकर जमकर बवाल मचा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन कर एक युवक पर गौमांस बेचने का आरोप लगाया। बजरंग दल के हंगामें के बाद सुपेला पुलिस ने दो व्यक्ति पर गौमांस बेचने का जुर्म पंजीबद्ध किया है। मोहल्लेवासियों ने बजरंग के कार्यकर्ताओं का जमकर विरोध भी किया। इसी बीच युवक ने फांसी भी लगा ली। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के भय से युवक ने खुदकुसी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरीद नगर हड्डी गोदाम के पास तीन घरों में मांस बिक्री की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्टिंग ऑपरेशन किया। रविवार को बजरंग दल का एक सदस्य ग्राहक बनकर फरीद नगर पहुंचकर गौमांस खरीदा। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। हंगामें के दौरान कथिततौर गौमांस बेचने वाले लोग मौके से फरार हो गए। विरोध के बाद सुपेला पुलिस ने फरीद नगर निवासी अब्बास कुरैशी और राजसोनी के खिलाफ नामजद धारा कृषि पशु अधिनियम परीक्षण व पशु अधिनियम के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है। बजरंग दल के संयोजक राजेश देवांगन की शिकायत पर पुलिस ने यह अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार बताए जा रहे है। पुलिस इस मामले जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले अभी गिरफ्तार नहीं की है। गौमांस की बिक्री खबर से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की भीड़ फरीद नगर में एकत्रित होने लगी।

**दो के खिलाफ जुर्म**

गौमांस प्रकरण में नामजद दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। आरोपी फरार है। आत्महत्या से गौमांस का प्राथमिक तौर पर कोई लेना-देना नहीं।

**राजेश मिश्रा,** टीआई सुपेला थाना


फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-

मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.(RO-2482)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.-8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**पैकिंग/सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी. रोड, रायपुर। मों- 9340273375. (RO-448)

आवश्यकता है- HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000. (RO-2480)

**ऑपरेटर/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल दवा दुकान में कम्प्युटर आपरेटर, गोडाऊन कार्य करने हेतु युवक-युवती की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें ओम मेडीको, मकान नं.A 31, राधास्वामी नगर, भाठागांव चौक, रिंग रोड नं.1, रायुपर मों.7647960841.(RO-2493)

**ड्रायवर/ कुक**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला / पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले संपर्क करें - 9300593000. (RO-1243)

**लेबर**

आवश्यकता है- दो मेहनती लेबर की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- लक्ष्मी ऑटो इंजीनियरिंग प्रा. लिमि. नीली बिल्डिंग, होटल गुरूकृपा के पास, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर मो. नं. 9630205205. (RO-6964)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**जॉब**

REQUIRED FOR TEXTILE MANUFACTURING UNIT IN URLA, RAIPUR
- Despatch Executive
- Prod. Supervisor
- Electrician - ITI
- Time Keeper
- HR Executive
- Trainer

Contact with biodata : Mbl. - 99931 03927
Email: vacancy.spintex@gmail.com

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन। संपर्क - समय 12 से 7 बजे। पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर।(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 संपर्कः- उतई दुर्ग मो.97544.09440, 99930-31494. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के का वेतन 10000/- एवं लड़कियों का 7000 वेतन संपर्क करें हरिओम प्लास्टिक, पंडरी रायपुर प्रकाश होलसेल के बाजू 9131348561, 9300203900. (RO-7438)

आवश्यकता है- प्लास्टिक लाइन के लिए दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735 समय 11:00 से 8:00 बजे (RO-7440)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने के हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की आवश्यकता संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 9131139179.(RO-3236)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (RO-3237)

आवश्यकता है- दिनेश गारमेंट जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई में मेंस वेयर के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता आकर्षक वेतन के साथ (आरो न.-666)

**सर्विसिंग कार्य**

आवश्यकता है- दो पहिया वाहन धुलाई (सर्विसिंग) हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 अनुभवनुसार संपर्क करें:- किशोर ऑटो पार्ट्स जय शंकर प्लाजा डगनिया मोबाइल - 9425203217. (RO-3232)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिनको संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैद्य लाइसेंस के साथ संपर्क करें, वेतन 15000/- तक, रहने की सुविधा उपलब्ध - देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग रायपुर. मो. 9752008009, 8959910211.(RO-1627)

आवश्यकता है- कार चलाने हेतु अनुभवि कार ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करे. सिब्बल धर्मकांटा, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मोबाइल 8085543125 (RO-129)

**सफाई कर्मचारी**

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें.- मो. 7225888800 (RO-6965)

**पैकिंग/बिल कार्य**

आवश्यकता है- 375/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम माल जमाना, माल दिखाना, पैकिंग, बिल बनाना। लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क- पवन ट्रेडर्स, बंजारी रोड, वर्धमान ज्वेलर्स के पीछे, शारदा चौक, रायपुर, 9926370555.(RO-770)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-36516)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039, 7044893771. (RO-754)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7450945537, 8335088415. (RO-818)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 8240426971, 9163849676. (RO-755)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करें:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्कः- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3235)

**बेचना/किराया**

बेचना है
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

किराये से देना है
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।

VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता

संपर्क करें- 8120008290
Dev Ad.

**जमीन**

जमीन बेचना है- होलसेल क्लाथ मार्केट पुलगांव दुर्ग में प्लाट 19×45 फिटव जेवरा भिलाई में IIT के पास 2 एकड़ कृषिभूमि बेचना है। संपर्कः- फोन.- 9425235536.(आरो न.-664)

**प्लाट**

बेचना है- रायपुर रिंग टोड नं. 1 से 300 मीटर के अंदर वॉलफोर्ट सिटी भाठागांव (रायपुर) से लगा हुआ 60x45 फीट = 2700 वर्गफीट बाउंड्रीवॉल सहित. कॉर्नर प्लॉट दोनो तरफ रोड. बेचना है। सम्पर्कः- 8253082898.(आरो न.-4421)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Purchase खरीदना**

ज़मीन लीज़ पर चाहिये
100 एकड़ या उससे अधिक जमीन की आवश्यकता है, प्लांटेशन के लिए 30 वर्ष की लीज पर देने हेतु इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
सुरेन्द्र शर्मा
9826434900
9425503284

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : कोको का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूटा

# सबालेंका की लगातार 18वीं जीत, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे गॉफ और अल्काराज

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। महिला वर्ग में कोको गॉफ का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूट गया लेकिन वह अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका ने रॉड लेवर एरेना में दिन के खेल की शुरुआत करते हुए 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया और इस तरह से ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपनी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में लगातार तीन खिताब जीतने वाली आखिरी खिलाड़ी मार्टिना हिंगिस थी, जिन्होंने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। मैच के बाद सबालेंका ने एंड्रीवा को गले लगाया, भीड़ की ओर हाथ हिलाया और अपने पोलेरॉइड कैमरे से एक तस्वीर ली।



### जोकोविच की ग्रैंड जीत

रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच और तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के 10 बार के चैंपियन जोकोविच ने विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज जिरी लेहेस्का को 6-3, 6-4, 7-6 से हराया।

### गॉफ ने की वापसी

गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए बेलिंडा बेनसिच पर 5-7, 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इससे पहले 2025 में जो 16 सेट खेले थे उन सभी में उन्होंने जीत दर्ज की थी। गॉफ का अब मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में पाउला बडोसा से मुकाबला होगा। बडोसा ने ओल्गा डेनिलोविच को 6-1, 7-6 (2) से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई।

### चौथी बार क्वार्टर खेलेंगे ज्वेरेव



पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव में चौथी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में दो बार के उपविजेता रहे ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-1, 2-6, 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने जैक ड्रेपर के कूल्हे की समस्या के कारण दो सेटों के बाद हट जाने के कारण अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

### बोपन्ना-शुआई ने अंतिम आठ में बनाई जगह



अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी।

# केंद्रीय मंत्री मांडविया से मिले डॉ. रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न विकासात्मक और खिलाड़ियों के हित से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। डॉ. रमन ने प्रदेश में खेल क्षेत्र की चुनौतियों, अवसरों और खिलाड़ियों के लिए नव अवसरों को लेकर केंद्रीय मंत्री के समक्ष अपना दृष्टिकोण रखा। डॉ. मांडविया ने इन विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और प्रदेश के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



इसके साथ ही डॉ. रमन ने राज्य में रोजगार सृजन और श्रमिक कल्याण से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की और प्रदेश के विकास में केंद्र सरकार की निरंतर भागीदारी और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रमन के साथ छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोसिया भी थे।

## खो-खो विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला टीम बनीं चैंपियन



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष टीम रविवार को यहां पहले खो-खो विश्व कप के फाइनल में नेपाल पर 54-36 की शानदार जीत दर्ज करके खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान प्रतीक वाईकर और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रामजी कश्यप ने एक बार फिर कमाल का खेल दिखाया।

भारत ने इससे पहले ग्रुप चरण में नेपाल के अलावा ब्राजील, पेरू और भूटान को हराने के बाद क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश और सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने पहले खो-खो विश्व कप के फाइनल में रविवार



को यहां नेपाल पर 78-40 की शानदार जीत के साथ खिताब अपने नाम किया था। भारतीय खिलाड़ियों ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गति, रणनीति और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए मैच की शुरुआत से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा।

## अंडर 19 महिला विश्व कप : भारत का जीत से आगाज

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2



ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

## एक्सेलसेन, आन से-यंग ने जीता इंडिया ओपन



**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और आन से-यंग ने रविवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकतरफा फाइनल में शानदार जीत दर्ज करके क्रमशः पुरुष और महिला एकल का खिताब हासिल किया। इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैंपियन रहे। महिला एकल में आन से-यंग ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया।






# डेढ़ सौ साल बाद लगेगा ऐसा महाकुंभ, एआई ने दिखाया अद्भुत नजारा

प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। अभी तक करोड़ों लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर अपने पाप धो लिए हैं। जहां महाकुंभ को लेकर सरकार ने कई तरह की व्यवस्था की है। टेंट से लेकर टॉयलेट्स, पीने का पानी आदि सुविधाएं दी गई है। इसके बावजूद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इस बीच सोशल मीडिया पर आज से 144 साल बाद लगने वाले महाकुंभ की झलक दिखाई गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने आज के समय में लोगों की लाइफ काफी आसान कर दी है। इसकी मदद से लोग कई तरह की स्थितियों को लाइव देख सकते हैं। हम जानते हैं कि दुनिया धीरे-धीरे टेक्नीकल होती जा रही तकनीक की मदद की जा रही है। इसी में से एक है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। जब 2069 में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, उस समय स्थिति कैसी होगी, ये एआई ने दिखाया है।

### रोबोट्स बनेंगे भगवाधारी

इस वीडियो के अलौकिक ताकत ने लोगों को मत्रमुग्ध कर दिया। जो भी इसे देख रहा है, बस इसका दीवाना हो जा रहा है। आज के समय में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बस शुरुआत की है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि अब से 144 साल बाद तक ये बेहद एडवांस हो जाएगा। वीडियो को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है। ऐसे महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए लोग अगली पीढ़ी को खुशकिस्मत बता रहे हैं।



### कुछ ऐसा होगा अद्भुत नजारा

सोशल मीडिया पर इस इमेजिनरी महाकुंभ की झलक देख आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इस महाकुंभ में लोगों को अपने आसपास पाखंडी साधु-बाबा नहीं, बल्कि रोबोटिक साधू नजर आएंगे। ये अपनी हथेली से ही आरती की लौ जला सकेंगे। इसके अलावा आसमान में कई तरह के ग्रह-नक्षत्रों के संगम का नजारा लोग अपनी आंखों से देख पाएंगे।

अंतरिक्ष में होने जा रही है अद्भुत खगोलीय घटना

# आसमान में एक लाइन में दिखेंगे सात ग्रह

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अतंरिक्ष में अक्सर अद्भुत खगोलीय घटनाएं होती रहती हैं। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आने वाले दिन बेहद खास होने वाले हैं। दरअसल, सात ग्रह एक लाइन में नजर आएंगे। इस दौरान सात ग्रह यानी शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल आकाश में एक सीध में आएंगे। वैज्ञानिकों ने होने वाली इस खगोलीय घटना को दुर्लभ ग्रह संयोग बताया है। जनवरी-फरवरी के दौरान आसमान में आप इन ग्रहों रात्रि में नंगी आंखों से देख सकते हैं।

एक समय में कुछ ग्रहों का एक ही लाइन में होना असामान्य बात नहीं है, लेकिन जब सभी ग्रह एक सीध में आएंगे तो यह घटना जरूर दुर्लभ है। इस अद्भुत खगोलीय घटना को प्लैनेटरी अलाइनमेंट कहा जाता है।



### सूर्य का चक्कर लगाते हैं सभी ग्रह

वैज्ञानिकों के मुताबिक, अधिकतर ग्रह आकाश में एक सीधी रेखा में देखे जाते रहे हैं। इस रेखा को एक्लिप्टिक कहा जाता है। यह सौर मंडल के उस लाइन को दिखाती है, जिसमें सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं। इस खगोलीय इस साल दो बार होने वाली है। भारत में इस खगोलीय घटना को 21 जनवरी की रात 8.30 बजे देखा जा सकता है।

### कब दिखता है ऐसा नजारा

दरअसल, जब पृथ्वी समेत दूसरे ग्रह सूर्य के एक तरफ आ जाते हैं, तो आसमान में वह एक सीधी रेखा में दिखाई देते हैं। इसे ग्रहों का संरेखण यानी प्लैनेटरी अलाइनमेंट कहा जाता है। 21 जनवरी से सात में से छह ग्रह एक लाइन में आसमान में दिखेंगे। इस खगोलीय घटना को ही ग्रहों की परेड कहा जाता है।

### कब एक साथ दिखेंगे सात ग्रह

वैज्ञानिकों के मुताबिक, 28 फरवरी तक छह ग्रह अंतरिक्ष एक सीध में आ जाएंगे, लेकिन इसके बाद सात ग्रह यानी शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल आसमान में एक साथ दिखाई देंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक दुर्लभ ग्रह संयोग है। फिर ग्रहों की इस परेड को एक बार फिर 8 मार्च को देखा जा सकता है। इस दौरान बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, नेपच्यून, यूरेनस और शनि एक साथ दिखेंगे।

## मिस्र, भारत, यूरोप... अगले 10 साल में सात बार होगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

**वॉशिंगटन**। खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए सूर्य ग्रहण हमेशा ही एक खास घटना होती है। ऐसे में बड़े सूर्य ग्रहण पर स्काईवाचर्स की नजर रहती है। आने वाले समय में सूरज ग्रहण की बात की जाए तो अगले 10 सालों में 7 अद्भुत पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने को मिलेंगे। ये खगोलीय घटनाएं दुनियाभर के लोगों के लिए एक शानदार अनुभव होंगी। सूर्य ग्रहण,खगोल विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान का भी मौका होता है। हालांकि, सूर्य ग्रहण को देखने के लिए विशेष रूप से बनाए गए चश्मे और सौर दूरबीन का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा ना करना आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

अगले दशक के पूर्ण सूर्य ग्रहण की बात करें तो अगले साल 2026 में 27 सालों में यूरोप का पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण आइसलैंड के रेकजाविक में दिखाई देगा।



### मिस्र में दिखेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

साल 2027 में 2 अगस्त को मिस्र के लक्सर में 6 मिनट 23 सेकंड का एक शानदार पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। यह ग्रहण सेरोस 136 के कारण होगा। यह ग्रहण लाखों लोगों को किंग्स घाटी और कर्णक मंदिर जैसे प्रसिद्ध स्थलों पर देखने का मौका होगा। इसके बाद 2028 में ऑस्ट्रेलिया में 15 सालों में दूसरा सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। सिडनी और ब्लू माउंटेंस से 3 मिनट 48 सेकंड की पूर्णता देखी जा सकेगी। न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन और डुनेडिन में सूर्यास्त के समय ये दिखेगा। साल 2030 का ग्रहण एक दुर्लभ नजारा होने जा रहा है।










# सुंदरता के लिए महिला ने उड़ाए करोड़ों

## खुद कहती है- 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!'

**साओ पाउलो**। इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी जो सुंदर नहीं दिखना चाहती होगी। कई महिलाओं को तो सुंदर दिखने की ऐसी सनक हो जाती है कि वो अपने चेहरे और शरीर के बाकी हिस्सों को भी प्लास्टिक सर्जरी से सुधरवाने लगती हैं। पर ब्राजील की एक मॉडल पर सुंदर दिखने की ऐसी सनक सवार थी, कि उसने करोड़ों रुपये उड़ा दिए और ताबड़तोड़ सर्जरी करवा ली। अब वो अपने आप को दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला बताती है, मानो कह रही हो- 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!'



मिलिंद गाबा और परंपरा ठाकुर का गाना, 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!' लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया है, पर ऐसा लगता है कि ये गाना एक साओ पाउलो की मॉडल पर पूरी तरह फिट बैठ रहा है।

### महिला ने करवाई करोड़ों की सर्जरी

वो खुद बोलती हैं कि उनके लुक्स नेचुरल नहीं हैं, बल्कि उसके लिए उन्होंने कीमत चुकाई है। उन्होंने शरीर पर कई तरह की प्लास्टिक सर्जरी करवाई है, जिसमें ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन से लेकर बट फिलर, बोटॉक्स, ब्यूकल फैट रिमूवल, आदि जैसी सर्जरी शामिल हैं। उन्हें अपनी इस खूबसूरती से मजबूत और सशक्त महसूस होता है। उनकी खूबसूरती के लोग सोशल मीडिया पर दीवाने हैं और उन्हें 7 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

### फेमस मॉडल बन चुकी हैं जैनायना

उन्होंने कई सर्जिकल और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट्स करवाए हैं, जिनमें एक विवादित ट्रीटमेंट, बी-वेनम भी शामिल है। इस ट्रीटमेंट में स्किन के अंदर मधुमक्खि के जहर को डाला जाता है। उन्होंने नीड टू नो वेबसाइट को बताया कि उनकी खूबसूरती काफी निवेश और प्लानिंग का नतीजा है। खूबसूरती सिर्फ जेनटिक्स नहीं होता है। वो प्लेबॉय जैसी मैग्जीन की कवर मॉडल रह चुकी हैं जिसे वो जीवन की बड़ी उपलब्धियों में शामिल करती हैं। हालांकि, उनका कहना है कि वो इतनी खूबसूरत लगने लगी हैं कि लोग उन्हें वस्तु की तरह देखते हैं, इंसान नहीं मानते।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com